''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 24 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## बोस के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : सन्तसिंह हुड्डा



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** महाराजा अग्रसेन मार्किट के सहयोग से सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद ने महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जंयती पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर उन्हें नमन किया । संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे मार्किट के प्रधान लक्की वर्मा ने नेताजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि आज के युवाओं को बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजसेवा व देश सेवा करनी चाहिए। संस्था के प्रधान संतसिहं हुड्डा ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि आज हम खुले में जो सांस ले रहे है वह अपने शहीदो की बदौलत ले रहे है। हम उनकी कुर्बानी व बलिदान को कभी भुला नहीं सकते वे हमेशा हमारे दिलों पर राज करेंगे। इस अवसर पर मयंक जैन व गजेन्द्र यादव ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि आज के दौर में युवा शक्ति को नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। हम भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास कर रहे है। इस मौके पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत व सचिव सुनील शास्त्री ने कहा कि हम अपने वीर शहीदों को नमन करते है ओर उनके बलिदान को हमेशा याद रखेंगे।

## सरस मेला 2025 : ग्रामीण भारत की कला, संस्कृति और स्वाद का अनूठा संगम

**समाचार गेट/अंतराम**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सरस मेला 2025 का आयोजन 24 जनवरी से 6 फरवरी तक फरीदाबाद के एसएचवीपी ग्राउंड, सेक्टर-12, टाउन पार्क के पास किया जा रहा है। यह जानकारी सीईओ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सतबीर मान ने देते हुए बताया कि डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में यह मेला ग्रामीण हस्तशिल्प, संस्कृति और व्यंजनों का अद्भुत संगम होगा, जहां हरियाणा सहित देशभर के स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूह को एक मंच प्रदान करना है, जहां ये अपने उत्पार्दा को प्रदर्शित कर सकें और व्यापक बाजार तक पहुंच बना सकें। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**इस मेले में निम्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी:**

सीईओ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सतबीर मान ने बताया कि इस मेले में हरियाणा सहित अन्य राज्यों के एसएचजी सदस्यों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प, हैंडलूम, जैविक उत्पाद, सजावटी वस्तुएं, और दैनिक उपयोग की वस्तुएं आकर्षण का केंद्र होंगी। ये उत्पाद न केवल ग्रामीण भारत की रचनात्मकता को दर्शाएंगे, बल्कि महिला समूह सदस्यों की आजीविका को भी प्रोत्साहित करेंगे।

## पराक्रम दिवस पर हरियाणा मंत्रिमंडल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सर्वप्रथम पराक्रम दिवस के मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे और भारत की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प पत्र में वायदे किए थे, वो एक-एक करके पूरे करने का काम किया जा रहा है। उसी कड़ी में महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना की रूपरेखा तैयार की जा रही है। राज्य के आगामी बजट में इसकी पूरी जानकारी दी जाएगी और बजट का प्रावधान किया जाएगा।

**उनकी (आम आदमी पार्टी) शराब की नीति है, हमारी विकास की नीति**

दिल्ली विधानसभा चुनावों के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जो स्वयं को आम आदमी कहते थे, उन्होंने अपना शीशमहल खड़ा कर लिया है। दिल्ली की जनता में आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति रोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के मंत्री आज भी शराब नीति की बात करते हैं, जबकि हरियाणा सरकार की नीति विकास की नीति है। हरियाणा में बिना पर्ची-खर्ची के गरीब परिवारों के बच्चे एचसीएस अधिकारी तक लग रहे हैं। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार ने हरियाणा को पेपर लीक फैक्टरी बनाया, हर परीक्षा में किसी न किसी रूप में होती है गड़बड़ : कुमारी सैलजा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में कोई भी परीक्षा पारदर्शिता के साथ संपन्न नहीं हुई है, हर परीक्षा में कोई न कोई गड़बड़ी जरूर होती है, पेपर लीक होना आम बात बन गई है। अभी एमबीबीएस एग्जाम में गड़बड़ी सामने आई है। वार्षिक और पूरक दोनों परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं का दोबारा लिखवाया गया। सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार की अनदेखी के चलते आज हरियाणा अब कुख्यात पेपर लीक फैक्टरी बनकर रह गया है।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है कोई भी परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न नहीं हुई, परीक्षाओं में पेपर लीक होना आम हो गया है। बड़े पैमाने पर नकल करवाने के मामले सामने आए है। उत्तर पुस्तिकाओं को बदलना, उत्तर पुस्तिकाओं का बाहर जाना, परीक्षा पर्यवेक्षक द्वारा नकल करवाना जैसे मामले सामने आ रहे हैं। प्रदेश की अधिकतर परीक्षाओं में पेपर लीक होते आए है, पेपर लीक की बढ़ती वारदातों के चलते हरियाणा को पेपर लीक फैक्टरी के नाम से जाना जाने लगा है। जब किसी परीक्षा में पारदर्शिता न हो तो इससे सबसे ज्यादा प्रतिभावान अभ्यर्थी परेशान होते हैं। जिन परीक्षाओं ने लिखित परीक्षा में अच्छे अंक हासिल किए है उन्हें साक्षात्कार में कम नंबर देकर चहेतो को आगे कर दिया जाता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रतिभाओं के साथ विश्वासघात नहीं होना चाहिए।

कुमारी सैलजा ने कहा कि अभी प्रदेश में एमबीबीएस परीक्षा घोटाला सामने आया है। अब परीक्षा पर्यवेक्षकों को और अधिक जवाबदेह बनाने के लिए जिम्मेदारी तय जा रही है, इस ओर पहले ही कदम उठाया जा सकता था। पर्यवेक्षकों को पेपर खोलने और बांटने का समय, उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रह और विश्वविद्यालय को जमा करने का समय की निगरानी जरूरी है। जिसमें केंद्रों पर अनुचित साधनों के इस्तेमाल की रिपोर्ट पहले ही मिलती रही है उन्हें ब्लैकलिस्ट कर देना चाहिए। एमबीबीएस एग्जाम में गड़बड़ी सबसे बड़ा गुनाह है। वार्षिक और पूरक दोनों परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं को दोबारा लिखना बिना किसी साजिश के संभव नहीं है, सरकार को नकल माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करनी ही होगी। नकल माफिया कर्मचारियों के माध्यम से ही परीक्षाओं में घोटाले करते आए है। ऐसे कर्मचारियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई करनी होगी।

## बल्लभगढ़ में होगें करोड़ों रुपए के ओर विकास कार्य : पं. मूलचंद शर्मा विधायक

### निगम मुख्यालय पहुंचकर अधिकारियों के साथ की बैठक पूर्व केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

### निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को दिए निर्देश विकास कार्यों को दें रफ्तार



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पंश मूलचंद शर्मा ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास सहित अन्य अधिकारियों के साथ बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। पूर्व कैबिनेट मंत्री पंश मूलचंद शर्मा ने बताया कि बल्लभगढ़ विधानसभा से जुड़े करोड़ों रुपए के विकास कार्य की लागत से विकास कार्य चले हुए हैं और कुछ कार्य शुरू होने हैं उन्हीं के संदर्भ में उन्होंने आज निगम के अधिकारियों के साथ मीटिंग की है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार 2024 के 100 दिन पूरे हो चुके हैं जो की बहुत ही सुखद रहे हैं उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समय में भी जमकर विकास कार्य हुए जिसमें बड़ा प्रोजेक्ट मोहना रोड एलिवेटेड पुल, मिनी सचिवालय सहित अनेकों कार्य कराए गए और वर्तमान के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भी बल्लबगढ़ के अंदर जमकर विकास कार्य चले हुए हैं। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने बैठक में कहा कि बल्लबगढ़ सहित फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्र में विकास के कार्य में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सरकार से जो भी फंड मंत्रियों और विधायकों द्वारा मांगा गया है, जैसे जैसे वह मंजूर होकर आता है निगम उस कार्य को पूरा करने की प्रकिया को पूरा करता है। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जो भी कार्य मंजूर हो चुके हैं उन्हें तुरंत प्रभाव से शुरू कराए ताकि शहरवासी लाभानवित हो सके।

## शेयर मार्किट में मुनाफे कमाने का झांसा देकर ठगी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा शहर में साइबर अपराधियों पर प्रहार करने के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए थाना साइबर सेन्ट्रल की टीम ने शेयर मार्किट में निवेश कराने व मुनाफे का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि थाना साइबर सेन्ट्रल में 20 जुलाई को सेक्टर-16 वासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि उसके पास एक अनजान नम्बर से शेयर ट्रेडिंग के बारे में बात हुई जिसमें उसने बताया कि उसकी शेयर ट्रेडिंग की कम्पनी है। आरोपी ने शिकायकर्ता को मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। शिकायतकर्ता को आरोपी ने व्हाटसएप ग्रुप में जोडा। जिसके बाद आरोपियों ने एक अन्य व्हाटसएप ग्रुप (KS16-ARESSTOCK PULL UP GROUPS) को join कर लिया। इस ग्रुप में जुडने के बाद एक असिस्टेंट शिकायतकर्ता के साथ व्हाटसएप पर चेट के द्वारा बात करने लगी। जिसने उसको गूगल प्ले स्टोर का लिंक भेजा और डाउंलोड करने को कहा। साथ ही उस लिंक का इंविटेशन कोड भेजकर एकाउंट खोलने के लिए कहा और यही से उसके साथ फ्रॉड शुरु हो गया। शिकायतकर्ता ने शेयर खरीदने के लिए एप में 10000/-रु जमा कराए और शिकायतकर्ता बनाए गए एप में ट्रेडिंग करने लगा और असिस्टेंट उससे दुसरे नम्बर से गाइड करती



रही। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने टुकडों में पैसे ट्रांसफर करके कुल 6,16,000/-रु निवेश कर दिए। इसके बाद असिस्टेंट ने IPO पर बोली लगाने के बारे कहा कि 5000 शेयर के 10 लोट खरीदने पर एक लोट निकलने की संभावना है जिसपर शिकायतकर्ता ने 4 लोट ही लगाए और शिकायतकर्ता के IPO के चारों लोट ही निकल आए। फिर असिस्टेंट ने कहा की IPO का फंड पुरा करों और उधार पैसे लेकर जमा कर दो और फिर अपने लाभ सहित पैसे निकाल लेना। शिकायतकर्ता ने बकाया फंड जमा करने से पहले ग्रुप के एक अन्य व्यक्ति से चेट की, जिसने कहा कि फंड निकालने में कोई परेशानी नही होती है। जिसकी बात को सच मानकर फंड की कमी की पूर्ती करते हुए शिकायतकर्ता ने बताए गए खाते में 52,40,000/- ट्रांसफर कर दिए। जब पैसा निकलवाने बारे बोला तो कहा कि 15% टैक्स जोकी 31 लाख है जमा करवाने पडेगें। जिसपर एक वकिल का नाम व मोबाइल नम्बर भी दिया जिससे बात करने पर ठगी होने का शक हुआ। इस प्रकार शिकायतकर्ता से 5856000 की राशि की ठगी हो गई थी। जिसकी शिकायत पर थाना साइबर सेन्ट्रल में मामला दर्ज किया गया है।

साइबर पुलिस टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए महेन्द्र सिंह दांगी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के रामनगर रोड का रहने वाला है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी किसी शादी में गया था जिसकी मुलाकात एक आरोपी से हुई थी। जिसने बैंक खाता देने के लिए 50000/-रु देने की बात कही थी। आरोपी के खाते में प्रथम लेयर के 8,40,000/-रु आए थे। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## गंदे पानी की सप्लाई से लोगों को मिली राहत, पाइप लीकेज को निगम ने कराया दुरुस्त



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक के आसपास के क्षेत्र भीकम कालोनी और नाहर सिंह कालोनी में पिछले कुछ समय से गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने आई थी। पानी की पाइप में लीकेज होने और बड़ी सीवर लाइनों के सफाई कार्य की वजह से लगभग 100 परिवार इस समस्या से परेशान थे स्थानीय लोगों ने निगम के अधिकारियों से शिकायत की और शिकायत पर तुरंत सुनवाई करते हुए पानी की पाइपलाइन को चेक कराया गया और मौके पर मिली पानी की लीकेज को सही कराया। नगर निगम की टीम ने घरों में जाकर पानी की आपूर्ति भी चेक की और स्थानीय निवासियों को यह संतुष्टि दिलाई की सप्लाई अब दुरुस्त है और मीठा पानी लोगों को मिल रहा है।

## अवैध पोस्टर को हटाने का अभियान शुरू

**समाचार गेट/सुमित गोयल**




**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा शहर में लग रहे अवैध पोस्टरों को हटाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर कल एडिशनल कमिश्नर नगर निगम गौरव आंतिल ने अधिकारियों के संग बैठक कर गणतंत्र दिवस से पहले शहर को सुंदर बनाने संबंधी दिशा निर्देश दिए थे। नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते की टीम ने बड़खल सूरजकुंड रोड पर अवैध पोस्टरों को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। अवैध पोस्टरों को शहर से हटाने का यह कार्य जारी रहेगा।

## जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**गुरूग्राम।** गुरूग्राम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सेक्टर 38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में मनाया जाएगा। डीसी अजय कुमार ने बताया कि पूर्व की भांति इस बार भी जिला में उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि मानेसर उपमंडल में गणतंत्र दिवस समारोह नखड़ोला में आयोजित किया जाएगा जहां गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसी प्रकार पटौदी उपमंडल में यह समारोह अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा जहां स्थानीय विधायक बिमला चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। डीसी ने बताया कि सोहना उपमंडल में ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित समारोह में स्थानीय विधायक तेजपाल तंवर मुख्यातिथि होंगे।

## जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक में आपदा प्रबंधन के उपायों पर की गई चर्चा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** पुलिस आयुक्त कार्यालय में बृहस्पतिवार को जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने की। इस दौरान उपायुक्त अजय कुमार सहित अन्य उच्च अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला स्तर पर आपदाओं से निपटने के लिए मौजूद तैयारियों का जायजा लिया गया और आवश्यक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा व उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि आपदा प्राकृतिक व कृत्रिम किसी भी प्रकार की हो सकती है।

**गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होंगे जिले के आपदा मित्र**

आपदा प्रबंधन की जिला प्रोजेक्ट अधिकारी पूनम ने बताया कि उनके साथ 300 आपदा मित्र जुड़े हैं। इसमें से 20 आपदा मित्र इस गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेंगे। यह किसी भी आपदा पर काबू पाने के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित हैं। सभी आपदा मित्रों ने 23 जनवरी को कर्तव्य पथ पर हुई फुल ड्रेस रिहर्सल में हिस्सा लिया है।

## समाधान शिविर में नगराधीश ने दस शिकायतों की सुनवाई की

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में आज दस शिकायतों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबधित विभागीय अधिकारियों को उन पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। नगराधीश ने बताया कि लघु सचिवालय परिसर में कार्यदिवस में सुबह दस से बारह बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की पहल से आरंभ किए गए समाधान शिविर के माध्यम से आम लोगों को अपनी समस्या रखने का एक खुला मंच प्रदान किया गया है। जहां शिकायत पर की जा रही कार्रवाई की मॉनिटरिंग भी की जाती है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ से योगी की महासौगात

## खुलेंगे किसानों के भाग्य, इस योजना के विस्तार से मिलेगी 204 करोड़ की अनुग्रह राशि





**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा में प्रस्तावित ग्रेटर आगरा आवासीय योजना के क्षेत्र विस्तार के लिए भूमि की कमी को दूर कर दिया है।

औद्योगिक विकास क्षेत्र में आने वाली रहमन कलां और रायपुर की 442.4412 हेक्येटयर भूमि को इस योजना में शामिल किया जाएगा। वहीं इसके बदले उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को एडीए द्वारा अनुग्रह राशि के तौर पर 204.34 करोड़ रुपये दिए जाने का रास्ता भी साफ हो गया है। आवास विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से काफी दिनों से लटकी इस योजना को पूरा करने का रास्ता साफ हो गया है। प्रस्ताव के मुताबिक रहनकलां और रायपुर की 442.4412 हेक्टेयर भूमि लेने के लिए किसानों को 204.34 करोड़ रुपये अनुग्रह राशि दी जाएगी। यह खर्च आगरा विकास प्राधिकरण स्वयं उठाएगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि आगरा विकास प्राधिकरण को इस योजना से करीब 2500 करोड़ रुपये कमाई होने का अनुमान है।

आगरा विकास प्राधिकरण की 100 मीटर चौड़ी इनर रिंग रोड एवं भूमि पार्सल योजना के लिए ग्राम रहनकलां और रायपुर समेत 20 गांवों की 938.8975 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया गया। इसके लिए 14 सितंबर 2010 को अधिसूचना जारी की गई। ग्राम रहनकलां और रायपुर की कुल अर्जित भूमि में से 232.9511 हेक्टेयर भूमि यूपीएसआईडीसी को देने का फैसला किया गया।

यूपीसीडा ने वर्ष 2014 में नई नियमावली के आधार पर प्रतिकर का भुगतान किया। नए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 में दी गई व्यवस्था के आधार पर आगरा विकास प्राधिकरण को रहनकलां और रायपुर की भूमि लेने में बाधा आ रही है। किसानों को बढ़ाकर हुआ प्रतिकर देने के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी मांग की। इसके लिए अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आगरा की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति ने सुझाव दिया है कि बढ़ी हुई दर पर भूमि लेने से विकास प्राधिकरण को नुकसान नहीं होगा।

आगरा विकास प्राधिकरण ने चूंकि वर्ष 2010 में भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की थी, उस पर अर्जन की नई नीति नहीं आई थी। इसीलिए नई दर से किसानों को प्रतिकर देने में बाधा आ रही थी। इसीलिए आगरा विकास प्राधिकरण ने बोर्ड में बैठक में फैसला किया कि बढ़ी हुई राशि को अनुग्रह राशि के रूप में देकर इसे ले लिया जाए। आगरा विकास प्राधिकरण के अनुरोध पर आवास विभाग ने कैबिनेट से प्रस्ताव से मंजूरी कराते हुए इस भूमि को अनुग्रह राशि पर लेने की मंजूरी दे दी है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में पडरौना ने रामकोला को हराया



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के गांव पतया में आयोजित शहीद बीर अशफाक उल्लाह खान दुंगी क्रिकेट प्रतियोगिता में पडरौना और रामकोला के टीम के बीच खेला गया जिसमें पडरौना ने दस रनों से रामकोला को हराया। मैच के मुख्य अतिथि रूद्रा डेवलपर्स प्रापटीज के सदस्य आदित्य सिंह व प्रमोद चौरसिया ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। मैच में पडरौना की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चालिस रन बनाकर नाबाद रहे। जबाब में उतरी रामकोला की टीम ने पांच विकेट खोकर तीस रन बनाकर आल आउट हो गए। जिससे पडरौना की टीम ने मैच को दस रनों से विजय हासिल किया।मुख्य अतिथि आदित्य सिंह ने कहा कि खेल से शारीरिक फिटनेस ठीक रहता है। प्रमोद चौरसिया ने कहा कि खेल से समाजिक समरसता फैलता है इस अवसर पर ग्राम प्रधान समीउल्लाह खा क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जहांगीर खां, इम्तियाज खा, अनुप खेतान, पूर्व ग्राम प्रधान इस्माइल, युनुस सिद्दिकी, सुशील भारती, जाहिद अंसारी मौजूद रहे।

## जयंती पर रोटरी क्लब ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाने का लिया संकल्प



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा नगर के शहीद स्मारक पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां नेताजी के योगदान को नमन करते हुए उनके विचारों और बलिदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और नेताजी की चित्र पर माल्यार्पण से हुई। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने अपने संबोधन में नेताजी के अदम्य साहस और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि, नेताजी के आदर्श और उनके द्वारा दिया गया 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा हर भारतीय को प्रेरित करता है। रोटरी द्वारा कसया में आदमकद की प्रतिमा लगाने का भी संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में दुकानदारों को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज वितरित उनसे प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और नेताजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान की अपील की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, निदेशक अमित श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अरुण वर्मा, गौरव मद्धेशिया, फैयाज खान, विशाल शर्मा, राजीव तिवारी, अरूण कुमार मौर्य, आनन्द जायसवाल, अमरेंद्र नारायण सिंह, सरवरे आलम (छोटे), हेमन्त गर्ग, गोविंद सिंह, विजय सिंह, रंजीत श्रीवास्तव, विनोद वर्मा, सत्येन्द्र राय, राजबहादुर जायसवाल, वैभव राव, शिवजी जायसवाल, संस्कार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ अनिल सिन्हा, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, उमेश चंद जायसवाल, सुमित त्रिपाठी, कृष्ण कुमार तिवारी, राकेश गिरी, युवा व्यापार मंडल के राजन जायसवाल, सभासद मनीष मिश्रा एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## शासन की प्राथमिकता है स्वास्थ्यः विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान 121 रोगियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पोषण पोटली दी गई। बुधवार को कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि स्वास्थ्य शासन की प्राथमिकता है। 2025 तक देश में क्षय रोग का उन्मूलन करना है। प्रत्येकह व्यक्ति का दायित्व है कि रोग के उन्मूलन में अपना योगदान दे। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुरेश पटारिया ने कहा कि किसी भी बीमारी के प्रति जागरूकता व समय पर जांच जरूरी है। स्वास्थ्य केंद्र पर शासन के द्वारा मिलने की सुविधा का लाभ उठावें। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एसएन त्रिपाठी ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सबका सहयोग जरूरी है। अध्यक्षता अधीक्षक डा. यूएस नायक ने किया। डा.साजिद हुसैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया।संचालन सत्येंद्र कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान डा. पूनम गुप्ता, डा. रविंद्र कुशवाहा, डा. अरविंद कुमार, अनुज तिवारी, शिवव्रत सिंह, आदित्य तिवारी, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार, प्रधान माधुरी पांडेय व नागेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## स्वगीर्या शांति देवी जिला स्तरीय फुटबाल टूनार्मेंट सिवान व देवरिया ने जीता शिल्ड



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के ग्राम सभा नोनिया पट्टी के सोनबरसा स्थित खेल मैदान स्वर्गीय शांति देवी जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सिवान ने गाजीपुर को एक गोल से हराकर जीत हासिल की। तो बालक वर्ग में मेहा देवरिया ने सोनबरसा को पेनाल्टी सूट आउट मे चार शून्य से हराकर शिल्ड पर कब्जा जमा लिया। फुटबाल प्रतियोगिता के अन्तिम दिन स्वगीर्या शांति देवी इंटरमीडिएट कॉलेज सोनबरसा के प्रांगण में स्वगीर्या शांति देवी के पुण्यतिथि पर उनके मूर्ति का अनावरण सपा के प्रदेश सचिव रामप्रकाश यादव, विजेन्द्र पाल यादव उर्फ बबलू यादव एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम अवध यादव द्वारा किया गया तथा लोगों को कम्बल और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बालिका वर्ग में मुख्यअतिथि ममता सिंह प्रधानाध्यापक तथा रीता यादव पूर्व ग्राम प्रधान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबाल प्रतियोगिता प्रारंभ हुआ। बालक वर्ग में प्रतियोगिता का आरम्भ मुख्यअतिथि सपा के प्रदेश सचिव रामप्रकाश यादव, विजेन्द्र पाल यादव उर्फ बबलू यादव तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम अवध यादव द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हुआ। अंत में खेल के व्यवस्थापक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ शुभम यादव ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों, अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पूर्व ग्राम प्रधान उमापति यादव, लल्लन यादव, अरविंद यादव, नोएडा में विद्युत उप खंड अधिकारी ई.अजय सिंह यादव संदीप, सुग्रीव, प्रमोद,मनोज, प्रताप, शैलेष, विश्राम तथा सिकन्दर, मोतीलाल यादव, पंकज कुमार,अल्ताहिर , मोनू सिद्दीकी सहित काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

## मंत्री की बहन को ठगने वाले भाजपा नेता को जेल

**हरदोई।** पुलिस ने गाजीपुर से दो बार विधायक रहे सुभाष पासी को गिरफ्तार कर लिया है। गुपचुप तरीके से गुरुवार को पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सुभाष पासी और उनकी पत्नी रीना पासी पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन रुचि गोयल समेत दो लोगों से मुंबई में फ्लैट दिलाने के नाम पर 98 लाख रुपए ठगने का आरोप है। पुलिस सुभाष पासी को मुंबई से गिरफ्तार कर हरदोई लाई थी। मामले में सुभाष के अलावा उनकी पत्नी रीना पासी के खिलाफ धोखाधड़ी और गैंगस्टर केस दर्ज है। वह अभी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। सुभाष ने 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले सपा छोड़कर भाजपा जॉइन की थी। हरदोई के रेलवेगंज निवासी व्यापारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने 23 अक्टूबर, 2023 को कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया, 24 जुलाई 2018 को उनके पड़ोसी अक्षय अग्रवाल, मुंबई निवासी सुभाष पासी और उनकी पत्नी रीना पासी से प्रॉपर्टी निवेश के नाम पर मिलवाने आए।

## पंचकोसी परिक्रमा यात्रा के चौथे दिन अनेक प्राचीन व ऐतिहासिक मंदिरों का दर्शन-पूजन किया गयाः श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज





संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज की ऐतिहासिक पंचकोसी परिक्रमा यात्रा के चौथे दिन गुरूवार को अनेक प्राचीन व ऐतिहासिक धर्म स्थलों के दर्शन किए गए। यात्रा हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। गुरूवार को संगम स्नान के बाद जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने रवाना किया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि यह परिक्रमा न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती हैए बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों से भी जोड़ती है। पंचकोसी परिक्रमा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और जीवन में हमेशा सुख समृद्धि रहती है। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा में श्री वेणी माधव मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, श्री हनुमान जी का मंदिर, श्री राम जानकी मंदिरए हरित माधव मंदिर जैसे तीर्थ पड़ रहे हैं। इस परिक्रमा में द्वादश माधव मंदिरों और अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों का दर्शन किया जाता है, जिनके दर्शन से ही सभी दुख-कष्ट दूर हो जाते हैं और सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। यात्रा में शामिल श्रद्धज़लुओं ने जगद्गुरु शंकराचार्य सुमेरूमठ काशी स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद लिया। गुरूवार को चौथे दिन की परिक्रमा की शुरूआत झूंसी स्थित प्रतिष्ठान पूरी स्थित समूद्रकूप एवं कल्पवृक्ष के दर्शन.पूजन से हुई। उसके बाद शंख माधव जी का दर्शन.पूजन किया गया। ककरा दुबावल स्थित महर्षि दुवार्सा आश्रम में दर्शन.पूजन किया गया। इसके बाद सहसों होते हुए फाफामऊ पाण्डेश्वर महादेव, श्रृंगवेरपुर धाम में सीता कुंड एवं निषादराज स्थली, श्री शेषनाग भगवान का दर्शन-पूजन, किया गया। नागवासुकि और असि माधव के दर्शन.पूजन केबाद वेणी माधव और अलोपशंकरी माता का दर्शन-पूजन हुआ। संगम स्थित श्री आदि माधव जी का दर्शन.पूजन के पश्चात संगम तट पर त्रिवेणी मार्ग स्थित दत्तात्रेय शिविर में यात्रा ने रात्रि विश्राम किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें पंचकोसी परिक्रमा यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला। यात्रा में महामंडलेश्वर भवानी नंदन बाल्मीकि, प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट द्वारका पुरी के महंत गिरिशानंद गिरि महाराजए जूना अखाड़ा के कानूनी सलाहकर मुन्नी लाल पांडे आदि भी शामिल रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक





**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा के मद्देनजर आम लोगों को जागरूक करने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी करने के मकसद से हमीरपुर में सुबह 11:00 बजे रानी लक्ष्मीबाई तिराहे से महिला थाना तक 2.7 किलोमीटर लंबी सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनाई गई साथ ही मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जनपद के सभी तहसीलों ,ब्लॉक,सभी प्राथमिक, उच्चप्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों में हेलमेट,ट्रैफिक लाइट की प्रतिकृति बनाते हुए सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनाई गई साथ ही सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। मुख्य सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला में रानी लक्ष्मीबाई तिराहे से जेल तक सरदार पटेल विद्यालय के छात्र-छात्राएं ,जेल से हरी गेस्ट हाउस तक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र,हरी गेस्ट हाउस से अवतार मेहर बाबा तक लॉर्ड बुद्ध स्कूल के छात्र छात्राएं,अवतार मेहर बाबा से वी मार्ट तक अवतार मेहर बाबा विद्यालय के छात्र,वी-मार्ट से स्टेडियम बाउंड्री तक महर्षि विद्या मंदिर के छात्र,स्टेडियम बाउंड्री से एसपी ऑफिस तक श्री विद्या मंदिर के छात्र छात्राएं,एसपी ऑफिस तिराहा से कलेक्ट्रेट गेट तक पुलिस लाइन स्टाफ ,कलेक्ट्रेट गेट पर जिलाधिकारी महोदय ,अपर जिलाधिकारी गण, सीओ सदर, एआरटीओ प्रवर्तन, एआरटीओ प्रशासन ,पीटीओ ,डीआईओएस, बी एस ए,खनन अधिकारी , अधिशासी अभियंता निर्माण खंड , अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, उप मुख्य चिकित्साधिकारी,रव्लड कोतवाली,सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यएवं समस्त कलेक्ट्रेट स्टाफ, पत्रकार बंधु नागरिक गण, पुनः रोडवेज तक पुलिस स्टाफ एवं रोडवेज स्टाफ एवं कलेक्ट्रेट स्टाफ पत्रकार बंधु व्यापार मंडल ,रोडवेज गेट से ढहऊगेट तक जीजीआईसी, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, आपूर्ति कार्यालय ,जिला पंचायत कार्यालय, व्यापारकर, विद्युत विभाग,नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी गण ,ढहऊ गेट से अमन शहीद तक जीआईसी स्कूल के छात्र, अमन शहीद से महिला थाना तक इस्लामी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मानव श्रृंखला बनाए जाने के दौरान ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह मुस्तहद रही।

### 26 जनवरी से दो पहिया चालकों को बिना हैलमेट नहीं मिलेगा पैट्रोल





**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के बेमिसाल हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में 26 जनवरी 2025 से लागू होने वाली नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में एक जरुरी बैठक का आयोजन की कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के मुताबिक 26 जनवरी 2025 से सभी पेट्रोल पंपो पर नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति लागू होगी जिसके तहत बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालो को 26 जनवरी 2025 से पेट्रोल पंप में पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस नीति को सभी पेट्रोल पंपों पर कड़ाई के साथ लागू किया जाय, साथ ही हेलमेट पहनने वाले को ही पेट्रोल दिया जाए । बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को पेट्रोल ना दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर दो पहिया वाहन चालक सफर के दौरान हैलमेट का इस्तेमाल करता है तो, दुर्घटना के वख्त हैलमेट चालक के सर को खतरनाक चोटों से बचाता है, जिससे दुर्घटना में मौत की तादाद कम हो जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक पुलिस से बचने के डर के बजाय, अपनी हीफाजत के लिए हेलमेट जरुरी तौर से लगाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पेट्रोल पंप संचालक , परिवहन विभाग ,पूर्ति विभाग इस नीति का अलग- अलग तरीकों से होर्डिंग्स, बैनर ,पम्पलेट, न्यूजपेपर के जरिये प्रभावी तरीके से प्रचार प्रसार किया जाए, साथ ही इस नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति को जनपद में कड़ाई के साथ लागू किया जाय। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत पेट्रोल पंपो सहित संस्थानों पर सोलर पैनल लगवाने के लिये प्रोत्साहित किया। बैठक में एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्रनाथ यादव , एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ,जिला पूर्ति अधिकारी सहित जनपद के पेट्रोल पंप संचालक मौजूद रहे।

### मिलावटखोरी कर नकली शराब बनाने के दो गुनाहगारों को सात- सात साल की सजा, 1 लाख 72 हजार रुपये का जुमार्ना



डीजीसीः राजेश कुमार शुक्ला

**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के जलालपुर में 7 जनवरी 2017 को रात आठ बजे के करीब एस आई कम्मोद सिंह ने टीम के साथ मिलावट की अवैध शराब के बनाने की सूचना पर मसीदन गाँव के एक घर में चल रहे कारखाने में छापा मारकर अभियुक्तों के पास से मिलावट की अवैध तरीके से बनाई गई नकली शराब की 88 पेटी अलग-2 ब्राण्ड के साथ ही, होलोग्राम सहित ढक्कन के साथ ही खाली बोतलें के साथ ही शराब बनाने के औजार भी बरामद किये थे। इस मामले में जलालपुर पुलिस ने मु० अ०सं०- 02/2017 धारा-272, 273, 419 ,420, 467, 468,255 आईपीसी सहित 60(2) आबकारी एक्ट के साथ ही 63/68 कापीराइट एक्ट के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम मसीदन निवासी अभियुक्त दुर्गा पुत्र बलवान सिंह जबकि बलवान पुत्र पंचा निवासी ग्राम मसीदन, जलालपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 22 जनवरी 2025 को हमीरपुर के जिला/सत्र अदालत के स्कालर जज विष्णु कुमार शर्मा ने हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त दुर्गा पुत्र बलवान सिंह(एचएस नं० 04बी) सहित अभियुक्त बलवान पुत्र पंचा को गुनाहगार मानते हुये सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही छियासी-छियासी हजार रुपये का सुनाया जुमार्ना। जबकि इस मामले की जांच पूरी करते हुये जांच अधिकारी एस आई कम्बोद सिंह ने अदालत में चार्जशीट पेश कर कड़ी सजा की मांग की थी, वहीं अभियोजन की तरफ से इस मामले की दमदार पैरवी करते हुये अदालत में डीजीसी राजेश कुमार शुक्ला ने अपनी दलीलों से डिफेंस लायर की बोलती बंद करने के साथ ही दोनों गुनाहगारों को सख्त सजा दिलाने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

# अधिकारी सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटान : विश्राम कुमार मीणा

## सीएम विंडो की शिकायतों के निपटान के लिए एटीआर करें अपलोड, सरल पोर्टल पर लंबित न रहें आवेदन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विभागों को जनसंवाद पोर्टल व सीएम विंडो पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों तथा सरल पोर्टल पर आने वाली आवेदनों का तत्परता से प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में सीएम विंडो पोर्टल पर आने वाली शिकायतों व सरल पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि संबंधित विभागों को इन सभी शिकायतों के निपटारे के लिए एटीआर को अपलोड करना होगा। एटीआर रिपोर्ट में शिकायत के निवारण के लिए की गई कार्यवाही को दर्शाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी लंबित शिकायतों का निस्तारण अति शीघ्र करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की देरी के लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उपायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समय-समय पर निगरानी करते हैं। ओवर ड्यू व लंबित शिकायतों का पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की सीएम विंडो को प्रतिदिन चैक करें। सरकार द्वारा सरल पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, इनके लिए सरकार द्वारा सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत समयसीमा निर्धारित की गई है। सभी अधिकारी इस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए निर्धारित अवधि में आवेदकों को सेवाओं का लाभ प्रदान करें। निर्धारित अवधि के बाद ऑटोमैटिक अपील सिस्टम के माध्यम से यह शिकायत उच्च अथॉरिटी के पास अपील में चली जाती है। अधिकारी यह सुनिश्चित



करें कि उनके विभाग से संबंधित सीएम विंडो पर कोई भी ओवरडयू व लंबित शिकायतें न रहें। निर्धारित समय पर शिकायतों का निपटारा किया जाए। सरल पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के आवेदकों को समय पर सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाए। लंबित ओवरड्यू सीएम विंडो शिकायतों का निपटान करने के लिए एमिनेट पर्सन के साथ बैठक की जाए। आगामी एक सप्ताह के अंदर-अंदर सभी ऑवरड्यू शिकायतों का निपटारा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नगर परिषद, जिला कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, पंचायती राज सहित अन्य विभागों की एक-एक करके विभागवार पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को इनके निपटान के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे खंड विकास अधिकारी की रिव्यू बैठक लेकर सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

# मेवात मॉडल स्कूल नूंह में स्वस्थ बेटी-स्वस्थ भारत कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह सुशील कुमार के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह ने पीएनजी वहिस्पर के सहयोग से स्वस्थ बेटी-स्वस्थ भारत अभियान के तहत मेवात मॉडल स्कूल नूंह में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव सीजेएम नेहा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के बारे में लड़कियों को शिक्षित करना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचने, साफ-सफाई रखने, पीरियड्स के दिनों में सावधानी बरतने जैसी बातों के बारे




में बताया गया कि पीरियड्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो हर महिला के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह महिलाओं के शरीर के स्वस्थ और प्रजनन क्षमता के लिए जरूरी है। पीरियड्स के दौरान सही स्वच्छता और सावधानियां बरतनी, हर 6 घंटे में सैनिटरी पैड बदलना बहुत जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचा जा सके। पीरियड्स के दौरान शरीर को हाइड्रेट रखना भी आवश्यक है, इसलिए पर्याप्त पानी पीने से शरीर में तरल पदार्थों की कमी नहीं होती और दर्द व थकान से राहत मिलती है। इसके साथ ही, संतुलित आहार जैसे हरी सब्जियां, फल और आयरन युक्त भोजन लेने से कमजोरी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरुकता पहल के तहत छात्राओं को पीएनजी वहिस्पर की ओर से ईशा मल्होत्रा ने सैनिटरी नैपकिन के पैकेट मेवात मॉडल स्कूल नूंह में छात्राओं को नि:शुल्क वितरित किए। इस प्रयास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्राओं में अच्छी स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाए और नेपकिन जैसे संसाधनों के लाभ के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाए।

# जिला जेल कर्मचारी पर्वतारोही राकेश कादियान का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

## उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने किया सम्मानित



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला जेल नूंह पर कार्यरत एवरेस्ट विजेता राकेश कादियान ने एक बार फिर जिला नूंह का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है । पर्वतारोही राकेश कादियान को युवाओं में जागरूकता लाने , बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे को सार्थक करने ओर समाज की सोच बदलने के लिए 2024 में 45 वर्ष की आयु पूर्ण करने व लगातार 21 साल सरकारी सेवा में सेवारत रहते हुए दो दिन के अंदर-अंदर विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) ओर विश्व की चौथी ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर सफलता पूर्वक चढ़ाई करके भारतीय तिरंगा फहराने के बाद विश्व का पहला पर्वतारोही बनने पर लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया है । पर्वतारोही राकेश कादियान के इतनी उम्र में जान जोखिम में डालकर ये उपलब्धि हासिल करने पर लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है । राकेश कादियान ने बताया कि अब उसका सपना विश्व के सभी सातों महाद्वीपों के सभी ऊंचे पर्वतों पर भारतीय तिरंगा फहराना है जिसको वह हर हालात में पुरा करने के लिए जी-जान से मेहनत करने में लगा हुआ है ।राकेश कादियान ने बतलाया कि उसको अपने विभाग से किसी प्रकार की मदद नही मिलती , वह अपनी सामान्य डयूटी पूर्ण करने उपरांत अपने अभियान के लिए मेहनत करता रहता है। डयूटी से किसी प्रकार की कोई छूट नही मिलती फिर भी अपने देश का नाम रोशन करने के लिए दिन-रात मेहनत करता रहता है । राकेश कादियान ने 14-15 दिसम्बर को चंडीगढ़ में आयोजित हुई हरियाणा मास्टर एथेलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेकर 110 मीटर बाधा दौड़ ओर 400 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेकर अपने आयु वर्ग में 2 गोल्ड मेडल जीतकर अपने आगे के सफर के लिए बढ़ने की इच्छा जताई है । राकेश कादियान इससे पहले भी अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो , भारत देश की चोटी माउंट सतोपंथ , माउंट नून , माउंट कांग-यात्से 1 पर चढ़ाई करके अपने हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है । पर्वतारोही राकेश कादियान ने बताया कि वह अप्रैल 2025 में अटारी बॉर्डर से कन्याकुमारी ओर वपास कन्याकुमारी से मुख्यमंत्री हरियाणा आवास चंडीगढ़ तक लगभग 7000 किलोमीटर साइकिल यात्रा की तैयारी में लगा हुआ है।

# अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडर



**हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत दिया जाएगा लाभ**

**सरकार के हर घर-हर गृहिणी पोर्टल पर किया जा रहा है रजिस्ट्रेशन**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर घर-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर घर-हर गृहिणी योजना का शुभारंभ किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि अभी तक जिले की अनेकों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारंपरिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिले में सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी। जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के तहत हर महीने 500 रुपए में एलपीजी रिफिल मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पंजीकरण कराने के आह्वान किया है। उन्होंने सभी गैस एंजेसी संचालकों व सभी सीएससी संचालकों को निर्देश दिए है कि जो कोई भी व्यक्ति गैस सिलेंडर के लिए आता है तो उसका पंजीकरण अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के परिवार पहचान पत्र में मोबाइल नंबर लिंक नही है तो क्रीड विभाग की और कार्य कर रही जेड क्रीम से संपर्क कर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा सकते है। उन्होंने कहा कि जिले में हर घर गृहिणी योजना के तहत अभी तक 18 हजार महिलाओं ने अपना पंजीकरण करा लिया है। एडीसी ने कहा कि जिला में 2 लाख 50 हजार पंजीकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# आयुष विभाग द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कराया सूर्य नमस्कार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आयुष विभाग नूंह तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशवीर गहलावत के निर्देशानुसार वीरवार को नूंह के डी.ए.वी. पुलिस पर्बलिक स्कूल में सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग के योग स्पेशलिस्ट डा.रामावतार शर्मा के देखरेख में योग सहायक नीरज रानी, मनीष आर्य, राजेश कुमार, संदीप, तरुण, सानिया, बबीता, सुमित्रा द्वारा स्कूली बच्चों ने सूर्यनमस्कार का



अभ्यास किया तथा सूर्यनमस्कार के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डी.ए.वी. स्कूल के प्रिंसीपल बलवंत के द्वारा दीप प्रज्जवलित करने के उपरांत किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत ने बताया कि जिले में 12 फरवरी तक हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले भर के सभी शिक्षण संस्थानों, व्यायाशालाओं, औषधालयों व अर्न्य सार्वजनिक स्थानों पर सूर्यनमस्कार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सूर्यनमस्कार एक संपूर्ण व्यायाम है। जिसमें कई आसनों का समावेश होता है। यदि एक व्यक्ति प्रतिदिन सूर्यनमस्कार का अभ्यास कर ले तो उसे अन्य किसी व्यायाम की आवश्यकता नहीं रहती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 12 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसमें सभी व्यक्ति suryanamaskarharyana.in पर व्यक्तिगत या संस्थागत रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# अंगदान के अभियान को 14 देशों में पहुंचाएंगे साइकिलिस्ट महेश कुमार

## उपायुक्त अजय कुमार ने युवा को दी शुभकामनाएं

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** अंगदान एवं विश्व मैत्री का उद्देश्य लेकर रेवाड़ी से हांगकांग तक अंतर्राष्ट्रीय साइकिल यात्रा पर निकले युवा महेश कुमार ने आज उपायुक्त अजय कुमार से मुलाकात की। उपायुक्त ने युवा को इस यात्रा के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। रेवाड़ी निवासी 28 वर्षीय महेश कुमार ने बताया कि उसने 15 जनवरी को अपनी साइकिल यात्रा शुरू की थी। भारत के अलावा वह भूटान, नेपाल, वियतनाम, फिलीपींस, लाओस, इंडोनेशिया, कंबोडिया, चीन, सिंगापुर, ताईवान, मलेशिया होते हुए हांगकांग तक पहुंचेगा। दुनिया के 14 देशों की सात महीने की अपनी इस



यात्रा में महेश लोगों को अंगदान देने तथा वैश्विक भाईचारा के लिए प्रेरित करेंगे। महेश ने बताया कि अंगदान करने से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है। उसके इस अभियान में रोटरी इंटरनेशनल, रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ, हरियाणा पुलिस, आईटीबीपी व बीएसएफ भी सहयोग कर रहे हैं। महेश कुमार ने आज उपायुक्त अजय कुमार के अलावा सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह से भी मुलाकात कर अपने उद्देश्य को प्रकट किया। गौरव सिंह ने महेश को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसके इस अभियान से अन्य युवाओं को भी मानव हित के लिए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

# अंकों की रेस से बाहर निकलकर स्वयं में प्रतिदिन सुधार करें और स्वयं से प्रतियोगिता करें : कुसुम मलिक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जवाहर नवोदय विद्यालय बाई में अध्यक्ष जिला उपायुक्त नूंह विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में पराक्रम दिवस के अवसर पर परीक्षा पर चर्चा के आठवें एडिशन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पीएम श्री फिरोजपुर नमक डी ए वी पुलिस पर्बलिक स्कूल नूंह , गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल नूहू ,जवाहर नवोदय विद्यालय बाई के सो विद्यार्थियों ने भाग लिया ।सभी विद्यार्थियों को सबसे पहले भारत हैं हम सीरीज के पांच चुने हुए एपिसोड को दिखाया गया और फिर उसके बाद इन्हीं पांच एपिसोड पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम ज्योति नवोदय विद्यालय बाई, दीप ठाकरान,




नवोदय विद्यालय बाई द्वितीय और प्रकृति सिंह डी ए वी पुलिस पर्बलिक स्कूल नूंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्यातिथि जिला एफ एल एन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक द्वारा सर्टिफिकेट और अवार्ड देकर उनका प्रोत्साहन किया ।सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्राचार्य सुरेश कुमार द्वारा एग्जाम वारियर पुस्तक वितरित की गई। कुसुम मलिक ने कहा कि बच्चों की अंकों की रेस से बाहर निकल स्वयं को प्रतिदिन आगे बढ़ाने के बारे में मेहनत करनी चाहिए । उनकी स्वयं से प्रतियोगिता होनी चाहिए और सभी परीक्षाओं में सभी बच्चे कुछ सीखते ही है। इस प्रतियोगिता में तेजपाल, मोहिद अहमद, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार मीणा, राकेश कुमार, अनु कुमारी, रुस्तम अली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# प्रधानमंत्री ने किया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सूत्रपात

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सूत्रपात किया जो कि अब एक जन आंदोलन बन गया है, बच्चों शिक्षकों एवं अभिभावकों को अभिप्रेरित करने का व परीक्षा का उत्सव मनाने का।

इसी कड़ी में शिक्षा मंत्रालय द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन को 3 वर्षों से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का कार्य भार सोंपा है। इस विशेष अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 फरीदाबाद में 23 जनवरी 2025 को जिला स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्रीमती भारती कुक्कल प्राचार्या जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा प्राचार्या जी द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया




एवं अपने आशीर्वचनों से उनके परीक्षा के भय को दूर करने का मार्ग प्रशस्त किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारत हैं हम पर आधारित श्रृंखला का शुभारंभ किया गया है।

## संपादकीय

# मुफ्त चुनावी उपहारों का शोर

अक्सर आपने देखा होगा कि किसी राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक और सामाजिक समीकरण हावी हो जाते हैं लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में हालात एकदम अलग हैं। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में राजनीतिक चर्चा में ''मुफ्त उपहारों'' की चर्चा हावी है जिससे प्रदूषण, कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अपराध और बुनियादी ढांचा सहित अन्य प्रमुख मुद्दे पीछे रह गए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महिलाओं के लिए नि:शुल्क सार्वजनिक परिवहन पहल पर जोर देते हुए ''रेवड़ी पर चर्चा'' जैसे अभियानों का नेतृत्व कर रही है। इसने नयी योजनाओं की भी घोषणा की है, जिनमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये देने के वादे के साथ मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल संबंधी संजीवनी योजना शामिल है।




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

कांग्रेस ने जवाब में 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की है जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने की बात कही गई है। इसने 25 लाख रुपये तक की बीमा कवरेज का वादा करते हुए 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा भी की है। वहीं भाजपा ने भी अपने संकल्प पत्र के दो चरण अब तक जारी किये हैं जिनमें हर वर्ग के लिए योजनाओं की भरमार है। देखा जाये तो इन मुफ्त योजनाओं को एक बार 'मुफ्त की रेवड़ी' करार देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करना पड़ा है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो इस तरह की योजनाएं जारी रखी जाएंगी। बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्तखोरी की संस्कृति को बढ़ावा देने की वजह से शासन एवं नीति-निर्माण पंगु हो गये हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने रोजगार सृजन और संविदा कर्मचारियों के लिए समाधान खोजने जैसे अन्य प्रमुख मुद्दों की अनदेखी की है। आम आदमी पार्टी ने मुफ्त योजनाओं की जो आदत जनता को लगाई है उसको देखते हुए अन्य पार्टियां भी इसी नीति पर चलती नजर आ रही हैं। यह नीति राजनीतिक दलों को सत्ता तो दिला देगी लेकिन सरकारी खजाने को और राज्य की आर्थिक सेहत को खासा नुकसान पहुँचाएगी। यहां सवाल यह भी उठता है कि हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन जब देश की राजधानी ही विकसित नहीं होगी तो यह लक्ष्य आखिर कैसे हासिल होगा?

# नूंह में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव होंगी गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि

**फिरोजपुर झिरका में हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन भारत भूषण, पुन्हाना में राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के चेयरमैन विजय कुमार व तावडू में हरियाणा कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज**

**गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल आज पुलिस लाइन नूंह के परेड ग्राउंड पर होगी**

**उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा फाइनल रिहर्सल में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का लेंगे जायजा**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला नूंह में रविवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इसी कड़ी में गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन के मद्देनजर कल 24 जनवरी को नूंह स्थित पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जिसका निरीक्षण उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा करेंगे। वहीं उपमंडल फिरोजपुर झिरका में एसडीएम डा. चिनार चहल, उपमंडल पुन्हाना में एसडीएम संजय सिंह तथा तावडू में एसडीएम संजीव कुमार की देखरेख में फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएंगी।

नगराधीश अशोक कुमार ने बताया कि उपायुक्त फाइनल रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रिहर्सल के साथ ही परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पारितोषिक वितरण आदि सभी कार्यक्रमों की तैयारी व प्रबंधों का निरीक्षण करेंगे तथा सभी संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देंगे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस को देशभक्ति से ओतप्रोत व रंगारंग रूप देने के लिए विभिन्न



सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड, मार्च पास्ट, डंबल व लेजियम के लिए प्रतिभागी रिहर्सल में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा आरती सिंह राव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी और भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगी। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर झिरका में हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज निगम के चेयरमैन भारत भूषण, पुन्हाना में राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के चेयरमैन विजय कुमार व तावडू में हरियाणा राज्य कारपोरेशन कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड के चेयरमैन अमरपाल राणा फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे व परेड की सलामी लेंगे।

**स्कूलों के बच्चे देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां**

नगराधीश ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में जिन स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे, उनमें पी.टी. प्रदर्शन एवं डंबल लेजियम में विभिन्न स्कूलों के करीब 1400 बच्चे, हिन्दू विद्या निकेतन स्कूल के बच्चे सूर्य नमस्कार, कंट्री ग्रामर स्कूल के बच्चे जय जय हरियाणा..गीत पर हरियाणवी समूह नृत्य, डीएवी पबलिक स्कूल के बच्चे योगा के साथ समूह नृत्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, बाई के बच्चे गरबा, पीएमश्री राजकीय वरि. माध्यमिक विद्यालय पुन्हाना के बच्चे कव्वाली, राजकीय कन्या वरि. माध्यमिक स्कूल के बच्चे विजय भव: गीत पर नृत्य, हिन्दू विद्या निकेतन स्कूल के बच्चे शिव प्रस्तुति, राजकीय कन्या वरि. मा. विद्यालय उजीना के बच्चे धूम मची हरियाणा की..गीत पर समूह नृत्य, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नूंह के बच्चे पधारो म्हारै देश.. गीत पर राजस्थानी नृत्य तथा मदर प्राइड स्कूल के बच्चे रामजी बता कब बरसैगा.. गीत पर नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे।

# समाधान शिविर से जनता व प्रशासन के बीच सुगम हुआ संवाद : उपायुक्त

**शिविर का ध्येय जनता व प्रशासन के बीच विश्वास बढ़ाना**

**वीरवार को जिला में 18 शिकायतें प्राप्त तथा 1 शिकायत का समाधान**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित करवाये जा रहे समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच की दूरी को खत्म कर सुगम संवाद का बेहतर जरिया बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्येक कार्य दिवस जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि वीरवार को जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में 13 शिकायतें आए तथा उपमंडल फिरोजपुर-झिरका में 4 तथा उपमंडल तावडू में 1 शिकायत आई जिसका मौके पर समाधान कर दिया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आने वाली शिकायतों का समय पर समाधान करें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर का मकसद केवल समस्याओं के निपटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी योजनाओं को समुचित ढंग से लागू करना भी है। सरकार योजनाओं का लाभ लेने में जो परेशानियां आती हैं उनका समाधान शिविर में समाधान करते हुए पात्र नागरिकों को योजना का लाभ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिविर आयोजन का मुख्य लक्ष्य जनता का प्रशासन में विश्वास बढ़ाना है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन के लिए हर शिकायत महत्वपूर्ण है, और इसे त्वरित और प्रभावी ढंग से हल करना संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी है।

समाधान शिविर का महत्व

समाधान शिविर एक ऐसा मंच है, जहां जिले के लोग अपनी रोजमर्रा की समस्याओं को लेकर सीधे प्रशासन से संवाद कर सकते हैं। शिविर में जिला के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं, जो मौके पर ही शिकायतों का निपटारा करते हैं। चाहे वह बिजली, पानी, शिक्षा, या राजस्व संबंधी हो, हर समस्या का समाधान त्वरित गति से किया जा रहा है।


# सर्व कल्याण मंच टीम द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह आयोजित



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सर्व कल्याण मंच टीम के द्वारा आज नूंह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह का आयोजन भिन्न भिन्न जगह पर हुआ राजकीय बारिष्ठ माध्यमकि विद्यालय आटा बरोटा, नूंह बस स्टैंड, वाईएमडी कॉलेज, जीपीएस स्कूल उडाका जिला रेडक्रॉस सोसायटी भवन में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम में नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिए गए ऐतिहासिक नारे, तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा को याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिलाध्यक्ष सर्व कल्याण मंच के जितेंद्र बघेल, मीना ठाकुर सचिव बुधराम, नीतू, नवीन बघेल, जोगिंदर बत्रा, सुरेंदर, राकेश, सत्यप्रकाश, सविता रट्टा, ममता, आटा गांव के नंबरदार लाल सिंह सहित प्रमुख व्यक्तियों ने नेताजी के जीवन उनके संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि नेताजी का बलिदान और देशभक्ति हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनमें देशभक्ति गीतों और कविताओं के माध्यम से नेताजी को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने नेताजी के विचारों को आत्मसात करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नेताजी को शत-शत नमन किया।

# पुलिस ने चलाया सघन कॉम्बिंग एवं सर्चिंग अभियान'




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर एवं सिटी थाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में गणतंत्र दिवस के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त बनाए रखने के लिए कनीना शहर एवं सदर थाना क्षेत्र के गांव पडतल सहित विभिन्न स्थानों में झुग्गी-झोंपडी एवं होटल आदि में सर्चिंग अभियान चला कर बंगला देशी रोहिगिंया एवं बाहर से आकर रहने वाले व्यक्तियों की पहचान की गई।

कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार व सिटी थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशन में ये अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत होटल में ठहरने वाले व्यक्तियों का रिकार्ड जांचा जा रहा है वहीं झुग्गी-झोपडी में रहने वाले व्यक्तियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने एरिया मे कॉमबिंग एवं सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने सहित अधिकृत एरिया में व्यक्तियों के आईडी संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। पुलिस कर्मचारियों ने आमजन से अपील कर आसपास रहने वाले संदिग्ध व्यक्ति की सूचना पुलिस को देने को कहा। इसके अतिरिक्त शीघ्रता से किरायेदार एवं घरेलू नौकर के सत्यापन कराने की बात कही। थाना अध्यक्ष निरीक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, वाहन या अजनबी व्यक्त िदिखाई देते है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस चैकी में दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रख रही है।

# बालिकाओं के अधिकारों और उनके विकास के लिए जागरूकता फैलाना है राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य : प्रदीप सिंह मलिक



**बीडीपीओ कार्यालय नूंह में आयोजित हुआ राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह**

**सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण है इस साल राष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त प्रदीप सिंह मलिक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बीडीपीओ कार्यालय नूंह में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम है सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित बच्चियों और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों और उनके विकास के लिए जागरूकता फैलाना है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देना और उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुरक्षा प्रदान करना है। हम बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने और उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अतिरिक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बालिका दिवस पर जिला की सभी बालिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, समुचित पोषण, कानूनी अधिकारों एवं चिकित्सीय व्यवस्था जैसे मूल मानवीय अधिकारों तथा लिंग भेद को समाप्त करने एवं बालकों की तरह बालिकाओं को भी उनके समग्र विकास के लिए बालिका दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

# अजीत सिंह ने नूंह डीईओ व डीईईओ का अतिरिक्त कार्यभार किया ग्रहण

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेशों की अनुपालना में फरीदाबाद में कार्यरत संयुक्त निदेशक-सह-जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नूंह के पदों का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। प्रधान सचिव हरियाणा सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग पंकज अग्रवाल की ओर से जारी आदेशों के तहत फरीदाबाद जिले के डीईओ अजीत सिंह को तुरंत प्रभाव से उनके वर्तमान चार्ज के साथ जिला शिक्षा अधिकारी, नूंह (मेवात), जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, नूंह (मेवात) का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा था, जिसके बाद उन्होंने बीते दिन दोनों पदों का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

# कनीना में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक कंवर सिंह होंगे मुख्यातिथि

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय कनीना के प्रांगण में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यातिथि महेंद्रगढ के विधायक कंवर सिंह यादव होगें। जो शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करने के बाद तिरगें को सलामी देगें। ईधर इस समारोह के आयोजन को लेकर आयोजित की बैठक में एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंप दी है। समारोह में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा आज शुक्रवार, 24 जनवरी को फुल गणवेश फाइनल रिहर्सल की जाएगी। राष्ट्रीय पर्व पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां, पुलिस टुकडी एवं एनसीसी कैडेटों की ओर से मार्च पास्ट, विद्यार्थियों द्वारा पीटी डंबल शो, योगा सहित देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगें।

# बागोत के मोहित सुसाइड केस में वादी एवं प्रतिवादी पक्ष की हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी नजरें

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना खंड के गांव बाागोत निवासी मोहित सुसाइड केस में अब वादी एंव प्रतिवादी पक्ष की ओर से हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार है। कोर्ट के फैसले अनुसार कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। हालांकि इस बारे में पडतल के सरपंच की ओर से इस मामले के संदर्भ में एचएचआरसी, हरियाणा ह्यूमन राइट कमीशन में जनहित दरखास्त दाखिल की गई है जिसकी सुनवाई आगामी 3 फरवरी को होनी है। बहरहाल मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने के चलते कमीशन की ओर से कोर्ट के आदेश ही सर्वमान्य माने जा रहे हैं।

बता दें कि हाईकोर्ट ने वादी कैलाशचंद की अर्जी पर सुनवाई करते हुए तीन दिन में मृतक का दाह संस्कार करने के आदेश दिए थे जिसकी समय सीमा रविवार 19 जनवरी को समाप्त हो गई। 20 जनवरी को एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत एवं डीएसपी दिनेश कुमार इस मामले सहित मानव अधिकार आयोग में दी गई दरखास्त पर जवाबी एप्लीकेशन दाखिल की। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। अब दोनों पक्ष हाईकोर्ट के आदेश आने की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। कोर्ट के आदेश के मुताबिक आगामी कार्रवाई होने की संभावना है। मृतक युवक के पिता कैलाशचंद द्वारा पिछले सप्ताह पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ में अर्जी दाखिल कर आरोप एवं हालात बयां किए थे। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित, 26 वर्ष का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने, अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। लेकिन कैलाशचंद एफआईआर करने की मांग पर अडा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कैलाश चंद के 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा बीती 13 दिसंबर 2024 की रात्री को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मोहित इस दिन किसी बर्थडे पार्टी में सरीक होकर आया था। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे उपनागरिक अस्पताल कनीना में भिजवाकर शनिवार 14 दिसंबर 2024 को उसका पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता ने प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से मना कर दिया था। पुलिस प्रशासन ने इस सम्बंध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने को कहा। जिन्हें वे पेश नहीं कर सके। पिछले 42 दिन से मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनपने से दुर्गंध उठने लगी है।

## एचएचआरसी में आगामी 3 फरवरी को होगी सुनवाई

बीती 15 जनवरी को कनीना खंड के गांव पडतल के सरपंच रोशनलाल इंदोरा ने वकील पदमकांत के माध्यम से जनहित के लिए एक दरखास्त एचएचआरसी चंडीगढ में दाखिल की थी। दाखिल की गई दरखास्त में उन्होंने कहा था कि पिछले एक माह से बागोत निवासी मोहित का शव कनीना अस्पताल के मोर्चरी में रखा हुआ है जिसमें संक्रमण की संभावना बन रही है। जिससे बिमारी पनपने का अंदेशा है। वहीं शव का भी निश्चित समय पर ससम्मान अंतिम संस्कार किया जाए। इस बारे में एचएचआरसी की ओर से 20 जनवरी को नोटिस जारी कर प्रशासनिक अधिकारियों को तलब किया गया था। जिसमें एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत व डीएसपी दिनेश कुमार उपस्थित हुए ओर अपना जवाबदावा दाखिल किया था। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी ओर से आगामी 3 फरवरी को पुन: सुनवाई निश्चित की है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## यूएस में जन्म के आधार पर नागरिकता खत्म करने का विरोध, भारतीय मूल के सांसदों ने उठाई आवाज



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर राजनीति गर्माहट तेज हो चुकी है। राष्ट्रपति पद संभालने के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता में बदलाव के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया। इसको लेकर भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने असंतुष्टि जताई और ट्रंप के इस आदेश का जमकर विरोध किया। बता दें कि ट्रंप के आदेश के तहत जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर भविष्य में बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के बच्चों को नागरिकता नहीं मिलेगी। यह आदेश उन माता-पिताओं के बच्चों पर भी लागू होगा जो कानूनी रूप से लेकिन अस्थायी रूप से अमेरिका में रह रहे हैं, जैसे विदेशी छात्र या फिर पर्यटक। सीधे शब्दों में कहे तो आदेश में ये कहा गया है कि 19 फरवरी, 2025 के बाद जिन बच्चों के माता-पिता अमेरिकी नागरिक या वैध स्थायी निवासी नहीं होंगे, उन्हें नागरिकता नहीं मिलेगी।

**भारतीय-अमेरिकी सांसद ने जताई नाराजगी :** ट्रंप के इस आदेश के बाद भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने इसका जमकर विरोध किया। वहीं इस मामले में भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा कि इस आदेश से न केवल अवैध अप्रवासियों के बच्चों पर असर पड़ेगा, बल्कि उन लोगों पर भी प्रभाव होगा जो एच-1बी वीजा पर अमेरिका में वैध रूप से रह रहे हैं। साथ ही खन्ना ने कहा कि ट्रंप का आदेश जन्मजात नागरिकता को खत्म करता है न सिर्फ अवैध अप्रवासियों के बच्चों के लिए, बल्कि उन वैध अप्रवासियों के लिए भी जो अस्थायी रूप से अमेरिका में हैं। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा उन विदेशी कर्मचारियों को दिया जाता है जो तकनीकी या विशेष पेशेवर काम के लिए अमेरिका आते हैं और हर साल भारत जैसे देशों से बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं।

**भारतीय सांसदों ने बताया असंवैधानिक :** इस मामले में भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कहा कि जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिका का कानून है और वह इसे हर हालत में बचाने के लिए संघर्ष करेंगे। वहीं प्रमिला जयपाल ने इसे असंवैधानिक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति इसे एक आदेश से बदल नहीं सकते। इसके साथ ही आव्रजन अधिकार समूहों ने इसे अदालत में चुनौती देने की बात की है, क्योंकि उनका कहना है कि यह आदेश असंवैधानिक है।

**ट्रंप के फैसले को न्यू जर्सी के अटॉर्नी जनरल की चुनौती :** वहीं इस मामले में 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि 14वें संशोधन के तहत जन्मसिद्ध नागरिकता स्वचालित है और इसे बदलने का अधिकार न तो राष्ट्रपति के पास है न ही कांग्रेस के पास।

**यह आदेश संविधान का उल्लंघन- अटॉर्नी जनरल :** साथ ही मामले में न्यू जर्सी के अटॉर्नी जनरल मैथ्यू प्लैटकिन और कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा ने कहा कि यह आदेश संविधान का उल्लंघन है। डेमोक्रेटिक पार्टी के अजय भुटोरिया ने भी कहा कि यह आदेश असंवैधानिक है और यह अमेरिका के मूल मूल्यों को कमजोर करता है।


**क्या है जन्मसिद्ध नागरिक कानून :** इससे पहले अमेरिकी धरती पर जन्मे किसी भी बच्चे के पास जन्म के साथ ही अमेरिकी नागरिकता का अधिकार होता था। यह अधिकार अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन कानून के तहत दिया जाता है। इसके उल्लंघन पर कार्यकारी आदेश को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। ट्रंप प्रशासन की तरफ से इस आदेश के 30 दिन बाद से अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों को उनके माता-पिता के देश में रहने के कानूनी अधिकार से जोड़कर ही नागरिकता दी जाएगी।

### न्यूयॉर्क के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर लगेगी रोक? छात्रों के हित में गवर्नर होचुल का प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने मंगलवार को राज्य भर के स्कूलों में छात्रों के मोबाइल फोन इस्तमाल पर रोक लगाने को लेकर प्रस्ताव रखा। इसके तहत अगले शैक्षणिक वर्ष से न्यूयॉर्क राज्य के सभी स्कूलों में छात्रों को अपने सेलफोन छोड़ने होंगे। बता दें कि गवर्नर होचुल की इस योजना के लिए विधायकों की स्वीकृति की आवश्यकता होगी और यह योजना स्कूलों में छात्रों को कक्षा, दोपहर के भोजन, और हॉलवे में अपने फोन और अन्य उपकरणों को इस्तेमाल करने से रोकने के लिए है। गवर्नर होचुल ने प्रस्ताव को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि इस कदम से छात्रों को कक्षा में ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने फोन से बहुत अधिक व्यस्त होते हैं, जिससे वे पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते। साथ ही होचुल का यह भी मानना हैं कि जब बच्चे अपने दोस्तों के साथ वायरल डांस और संदेशों पर ध्यान दे रहे होते हैं तो उन्हें पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल होती है। गवर्नर द्वारा दिए गए प्रस्ताव में आगे की बात करें तो इस प्रस्ताव के तहत, कुछ छात्रों को छूट भी दी जाने की बात कही जा रही है, जैसे कि जिनके पास मेडिकल कारण हैं या जिन्हें शिक्षा में मदद की आवश्यकता है। साथ ही न्यूयॉर्क राज्य ने स्कूलों को इस प्रतिबंध को लागू करने में मदद के लिए 13.5 मिलियन डॉलर देने का भी प्रस्ताव रखा है।

## जापान में माइकोप्लाज्मा निमोनिया के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में माइकोप्लाज्मा निमोनिया के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। रोगियों की संख्या पिछले दशक की तुलना में इस समय उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान के अनुसार, 12 जनवरी तक माइकोप्लाज्मा निमोनिया रोगियों की साप्ताहिक औसत संख्या 1.11 तक पहुंच गई जो इससे पहले के सप्ताह की तुलना में 0.34 की वृद्धि है। यह बीते एक दशक में सबसे अधिक औसत है।



माइकोप्लाज्मा निमोनिया बच्चों में होने वाला एक आम संक्रमण है। इसमें बुखार, थकान, सिरदर्द और लगातार खांसी जैसे लक्षण होते हैं। गंभीर मामलों में यह निमोनिया का कारण बन सकता है और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो सकती है। किसी व्यक्ति के बैक्टीरिया के संपर्क में आने के बाद लक्षण सामने आने में एक से चार सप्ताह लग सकते हैं। लक्षण कई हफ्तों तक रह सकते हैं। वहीं, एरिथेमा इंफेक्टियोसम बीमारी भी बढ़ रही है। यह सर्दी-जुकाम जैसे लक्षणों से शुरू होती है और फिर गालों पर लाल चकत्ते पड़ जाते हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में लगभग 3,000 चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त रिपोर्टों में बताया गया है कि एक सप्ताह पहले के 0.78 मामले प्रति अस्पताल की तुलना में 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में औसतन 0.94 मामले सामने आए। विशेषज्ञों ने मास्क पहनने सहित संक्रमण की रोकथाम के उपायों के महत्व पर बल दिया, क्योंकि इन्फ्लूएंजा भी व्यापक रूप से फैल रहा है। एम न्यूमोनिया सांसों में मौजूद वाष्प की छोटी बूंदों के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यह संक्रमण आमतौर पर सर्दियों के महीनों के दौरान होता है, लेकिन साल भर भी हो सकता है। अनुमान बताते हैं कि अमेरिका की लगभग एक प्रतिशत आबादी हर साल संक्रमित होती है। संक्रमण के वास्तविक मामले दर्ज मामलों से बहुत अधिक हो सकते हैं क्योंकि संक्रमण से हल्की बीमारी होती है जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है। माइकोप्लाज्मा संक्रमण का प्रकोप सेना, अस्पतालों, नर्सिंग होम आदि में भी देखने को मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन जंग पर ट्रम्प की पुतिन को चेतावनी : कहा- बातचीत को तैयार नहीं हुए तो रूस पर प्रतिबंध लगाएंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन जंग के मुद्दे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा अगर पुतिन जंग पर बातचीत के लिए तैयार नहीं होते हैं, तो अमेरिका रूस पर प्रतिबंध लगाएगा। उन्होंने कहा कि वे हर समय पुतिन से बातचीत और व्यक्तिगत तौर पर मिलने के लिए तैयार हैं। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन में जंग कभी शुरू ही नहीं होनी चाहिए थी, यहां भयंकर स्थिति है, लाखों लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा- अगर अमेरिका में एक सक्षम राष्ट्रपति होता, तो यह जंग कभी नहीं होती। अगर मैं राष्ट्रपति होता, तो ऐसा नहीं होता। ट्रम्प ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में रूस ने यूक्रेन पर हमला करने की हिम्मत नहीं की थी। यूक्रेन को हथियार सप्लाई की समीक्षा करेंगे यूक्रेन को अमेरिका से होने वाली हथियारों की सप्लाई पर ट्रम्प ने कहा कि वो इसकी समीक्षा कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि वो यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से इस मुद्दे पर बात कर रहे हैं। ट्रम्प जल्द ही पुतिन से भी बात करेंगे। दूसरी तरफ ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन पर अमेरिका की तुलना में यूक्रेन को कम वित्तीय सहायता देने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि हम यूक्रेन के लिए 200 अरब डॉलर दे रहे हैं। यूरोप को हमसे ज्यादा खतरा है, फिर वे कम मदद दे रहे हैं। ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि जेलेंस्की शांति चाहते हैं। इसके लिए रूस और यूक्रेन, दोनों पक्षों को बातचीत करनी होगी। दोनों में सहमति होना जरूरी है। यूक्रेन जंग पर पुतिन ने जिनपिंग से बात की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को यूक्रेन जंग को खत्म करने और नए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संबंधों को लेकर बातचीत की। जिनपिंग और पुतिन ने वीडियो कॉल के जरिए एक घंटे 35 मिनट तक बातचीत की। दोनों ने रूस और चीन के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने का प्रस्ताव भी रखा। क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने बताया कि रूस अमेरिका के साथ सम्मानजनक रिश्ते रखना चाहता है।

### मेम्फिस में डिप्टी ने चोरी की कार में बैठे व्यक्ति को गोली मारी

**मेम्फिस, एजेंसी।** मेम्फिस में मंगलवार को एक डिप्टी ने चोरी की कार चलाने के संदेह में एक व्यक्ति को गोली मार दी। टेनेसी ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (टीबीआई) की प्रवक्ता किम व्हीलर ने बताया कि शेल्बी काउंटी शेरिफ कार्यालय के डिप्टी ने चोरी की कार में सवार एक व्यक्ति को देखा और उसे पूर्वी मेम्फिस में व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पास हिरासत में लेने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ गई और डिप्टी ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि, कोई डिप्टी घायल नहीं हुआ। व्हीलर ने कहा कि अभी यह पता नहीं चला है कि स्थिति कैसे बिगड़ी या मारे गए व्यक्ति और डिप्टी के बारे में कोई अन्य जानकारी जैसे नाम, उम्र, लिंग और नस्ल क्या है। व्हीलर ने कहा कि जांच एजेंट साक्ष्य इकट्ठा कर रहे हैं और यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि गोलीबारी के पीछे क्या घटनाएं थीं। बता दें कि टीबीआई राज्य की पुलिस एजेंसी है। यह कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जुड़ी गोलीबारी की घटनाओं की जांच करती है और अपनी रिपोर्ट स्थानीय जिला अटॉर्नी को देती है, जो यह तय करता है कि क्या आरोप लगाए जाएं या नहीं।

### तेल अवीव में चाकू से हमले में चार लोग घायल, संदिग्ध मारा गया

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइली पुलिस ने बताया कि मंगलवार शाम को मध्य तेल अवीव में चाकू से हुए हमले में चार लोग घायल हो गए और संदिग्ध हमलावर मारा गया। यह घटना गाजा में हमास के साथ चल रहे संघर्ष विराम के तीसरे दिन हुई। पुलिस ने हमलावर की पहचान नहीं की, लेकिन इसे आतंकवादी कृत्य माना जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को, इस्राइल ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें कम से कम नौ फलस्तीनी मारे गए और 40 अन्य घायल हुए। इस बारे में फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी दी। बता दें कि गाजा में लागू संघर्ष विराम पश्चिमी तट पर लागू नहीं होता, जहां इस्राइली सैनिक अक्सर छापे मारते हैं, जिससे गोलीबारी होती रहती है।

### भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल के पिता का निधन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने मंगलवार को कहा कि उनके पिता एमपी जयपाल का निधन हो गया है और वह अपनी मां और बहन से मिलने के लिए भारत आ रही हैं। जयपाल ने एक बयान में कहा, मेरे प्यारे पिता एमपी जयपाल का कल रात शांतिपूर्ण तरीके से निधन हो गया। मैं अपनी मां और बहन से मिलने के लिए भारत आ रही हूं, क्योंकि हम उस व्यक्ति के लिए शोक और जश्न मना रहे हैं, जिसने हमें इतने अवसर दिए हैं।

### अनुचित कारोबारी व्यवहार के लिए गूगल पर इंडोनेशिया ने लगाया 103 करोड़ जुर्माना

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया की एंटीट्रस्ट एजेंसी ने मंगलवार को गूगल पर अनुचित कारोबारी व्यवहार के लिए करीब 1.2 करोड़ डॉलर (103 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया है। एजेंसी ने 2022 में गूगल के खिलाफ एक जांच शुरू की थी। आरोप है कि गूगल ने अपने प्ले स्टोर से इंडोनेशियाई एप डेवलपर्स के एप को गलत तरीके से हटा दिया था। पैनल ने सुनवाई में कहा कि गूगल ने एप डेवलपर्स की कमाई को कम कर दिया, क्योंकि इससे उपयोगकर्ताओं की संख्या में कमी आई, साथ ही कहा कि गूगल ने एकाधिकार बनाए रखने के इंडोनेशियाई कानून का उल्लंघन किया।


## नामित रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की बढ़ी मुश्किलें, भाभी ने हलफनामे में पत्नी के साथ मारपीट का लगाया आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जहां उनके नामांकन में गड़बड़ी की जांच कर रही सीनेट को हेगसेथ के खिलाफ एक और हमफनामा मिला, जिसमें उनकी भाभी ने उनपर अपनी दूसरी पत्नी सामंथा के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। हलफनामे में उनकी भाभी डैनियल हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) को इस बारे में दिसंबर में बताया था, लेकिन यह जानकारी कांग्रेस से साझा नहीं की गई क्योंकि सांसद हेगसेथ के नामांकन पर विचार कर रहे थे। रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ को लेकर उनकी भाभी डैनियल ने बताया कि सामंथा की बातों से हमेशा लगता था कि वो किसी खतरे में हैं। डैनियल ने ये भी बताया कि सामंथा अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एक सुरक्षित शब्द का इस्तेमाल करती थीं, जिससे वो अपने लोगों को अपने आप के खतरे में होने का एहसास करा सकें और मदद मांग सकें। इसको लेकर डैनियल ने दावा किया कि 2015 या 2016 में सामंथा ने उस शब्द का उपयोग किया उन्हें ये बताने के लिए किया था कि वो खतरे में है, जिसके बाद डैनियल को मदद के लिए तीसरे पक्ष से संपर्क करना पड़ा।

## नाजी सैल्यूट विवाद के बीच एलन मस्क को मिला चरमपंथियों का समर्थन, नागरिक संगठनों ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एलन मस्क के डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में सीधे हाथ के इशारे पर विवाद बढ़ता जा रहा है। कई लोगों ने मस्क की आलोचना की है। दरअसल सीधे हाथ के इशारे को नाजी सैल्यूट होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि कट्टर दक्षिणपंथी लोग एलन मस्क के समर्थन में उतर गए हैं। चरमपंथी लोग इसका जश्न मना रहे हैं। गौरतलब है कि एलन मस्क ने सोमवार को कैपिटल वन एरेना में एक भाषण के दौरान एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर खुशी जताई थी और इसी दौरान उन्होंने सीधा हाथ उठाकर वह इशारा किया था, जिसे नाजी सैल्यूट कहा जा रहा है।

**दक्षिणपंथी समूहों ने किया मस्क का समर्थन :** इस पूरे विवाद को हवा इस बात से भी मिली है क्योंकि मस्क ने उनके इशारे को नाजी सैल्यूट होने के दावों का न तो खंडन किया है और न ही स्वीकारा है। हालांकि उन्होंने इस मामले पर हो रही आलोचना पर तीखी नाराजगी जाहिर की। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हर कोई हिटलर है। ये हमले बहुत थका देने वाले हैं। श्वेत राष्ट्रवादी समूह व्हाइट लाइव्स मैटर ने टेलीग्राम पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, श्वेत ज्वाला फिर से उठेगी। श्वेत राष्ट्रवादी कीथ वुड्स ने एक्स पर साझा पोस्ट में मस्क का जोरदार समर्थन किया। एक अन्य दक्षिणपंथी ने लिखा कि हम वापस आ गए हैं।



**नागरिक संगठनों ने जताई नाराजगी :** हालांकि यहूदी विरोध और मानवाधिकारों पर निगरानी रखने वाली संस्था एंटी-डिफेमेशन लीग ने मस्क के इशारे की आलोचना की। अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क ट्रम्प समर्थकों की भीड़ को अपना हाथ आगे बढ़ाकर क्या संदेश देना चाह रहे थे। ऑनलाइन नफरत पर नजर रखने वाले इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक डायलॉग के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जेरेड होल्ट ने कहा, मुझे संदेह है कि यह जानबूझकर किया गया था। यह लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रकार का संकेत हो सकता है। अमेरिकी विश्वविद्यालय में संचार के प्रोफेसर कर्ट ब्रैडॉक ने कहा कि यह इशारा एक फासीवादी सलामी थी और लोगों को इस पर संदेह नहीं करना चाहिए। कर्ट ब्रैडॉक चरमपंथ, कट्टरपंथ और आतंकवाद का अध्ययन करते हैं। ब्रैडॉक ने मस्क के बारे में कहा, वह अभी भी इसे ऐसे टाल रहे हैं जैसे कि यह कोई गंभीर बात नहीं थी। मुझे पता है कि मैंने क्या देखा, मुझे पता है कि नव-नाजियों सहित चरम दक्षिणपंथी तत्वों के बीच इस पर क्या प्रतिक्रिया थी, और मैं देख सकता हूं कि अब क्या प्रतिक्रिया है। और इसमें से कोई भी हंसी की बात नहीं है।

यूरोप में नाजी सैल्यूट को द्वितीय विश्व युद्ध की घृणा, मृत्यु और विनाश से जोड़ा जाता है। इटली के एक कम्युनिस्ट युवा संगठन ने मंगलवार को मिलान के पियाजेल लोरेटो में मस्क का पुतला उल्टा लटका दिया, उसी जगह द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में मुसोलिनी को फांसी दिए जाने के बाद उनके शरीर को उल्टा लटका दिया गया था।

## तंजानिया में मारबर्ग वायरस की पुष्टि के बाद केन्या सतर्क

**नैरोबी, एजेंसी।** तंजानिया में फैले मारबर्ग वायरस के फैलने से पड़ोसी देश केन्या भी सतर्क हो गया है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि पड़ोसी देश तंजानिया द्वारा उत्तर-पश्चिमी कागेरा क्षेत्र में मारबर्ग वायरस रोग (एमवीडी) के प्रकोप की पुष्टि होने के बाद केन्या हाई अलर्ट पर है। केन्या की राजधानी नैरोबी में मंगलवार को जारी एक बयान में स्वास्थ्य मंत्रालय में सार्वजनिक स्वास्थ्य और व्यावसायिक मानकों की प्रमुख सचिव मैरी मुथोनी ने कहा कि हालांकि केन्या में कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन तंजानिया और अन्य पड़ोसी देशों से सीमा पार बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही के कारण देश में इसका खतरा बढ़ गया है।



उन्होंने कहा, ÷स्वास्थ्य मंत्रालय सभी केन्यावासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। परिणामस्वरूप, मारबर्ग वायरस रोग की तैयारी और रिस्पॉन्स प्लान के विकास के माध्यम से देश में तैयारियों को बढ़ाया जा रहा है।÷ समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह बयान सोमवार को तंजानिया के कागेरा क्षेत्र में मारबर्ग वायरस के प्रकोप की पुष्टि के बाद जारी किया गया, जहां संदिग्ध संक्रमण की जांच के दौरान एक पॉजिटिव मामला सामने आया।

तंजानिया ने बताया कि सोमवार तक कुल 25 संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है। सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और फिलहाल उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, तंजानिया ने इससे पहले मार्च 2023 में कागेरा क्षेत्र में एमवीडी प्रकोप की सूचना दी थी, जो देश का पहला मामला था, इस दौरान कुल नौ मामले और छह मौतें दर्ज की गई थीं।

मुथोनी ने कहा कि इस गंभीर बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए देश भर में सभी काउंटियों और प्रवेश के सभी बिंदुओं पर निगरानी बढ़ा दी गई है, क्योंकि इस बीमारी के कारण मौत भी हो जाती है। मुथोनी ने कहा, ÷हम आम जनता को सलाह देते हैं कि वे सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों का पालन करें और यदि आपको मारबर्ग वायरस रोग जैसे कोई लक्षण महसूस होते हैं तो निकटतम सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा में चिकित्सा सहायता लें।÷

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मारबर्ग वायरस फल खाने वाले चमगादड़ों से लोगों में फैलता है और संक्रमित लोगों के शारीरिक तरल पदार्थ, सतहों और सामग्रियों के सीधे संपर्क के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है। अफ्रीका में, अंगोला, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, घाना, केन्या, रवांडा, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में पहले भी इसके प्रकोप और छिटपुट मामले सामने आ चुके हैं।

## यमन के तट पर नाव पलटने से 20 इथियोपियाई प्रवासियों की मौत : आईओएम

**अदन, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया कि सप्ताहांत में दक्षिणी यमनी तट के पास एक नाव के पलट जाने से कुल 20 इथियोपियाई प्रवासियों की मौत हो गई, जिनमें नौ महिलाएं और 11 पुरुष शामिल थे। आईओएम ने एक बयान में कहा कि यह नाव, जिसमें 35 इथियोपियाई प्रवासी, एक यमन कप्तान और उसका सहायक सवार थे, कथित तौर पर जिबूती के हम्मारता क्षेत्र से रवाना हुआ था और शनिवार रात को तैज प्रांत के दुबाब जिले के अल-हज्जाजाह के पास तेज मौसमी हवाओं के बीच पलट गई। बयान में कहा गया कि जीवित बचे लोग सफलतापूर्वक तट पर पहुंच गए हैं। बयान में यमन में आईओएम के मिशन प्रमुख अब्दुसत्तोर एसोव के हवाले से कहा गया है, ÷यह त्रासदी उन खतरनाक परिस्थितियों की याद दिलाती है, जिनसे प्रवासी सुरक्षा और बेहतर जीवन की तलाश में गुजरते हैं।÷ एसोव ने कहा, ÷अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अनियमित प्रवास के मूल कारणों को दूर करने तथा प्रवासियों की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने के अपने संकल्प को मजबूत करना चाहिए। यमन के तटीय जल दुनिया के सबसे खतरनाक जलक्षेत्रों में से हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईओएम के आंकड़ों के अनुसार, अकेले 2024 में यमन में 60,000 से अधिक प्रवासियों के आगमन का दस्तावेजीकरण किया गया है। 2014 से अब तक पूर्वी मार्ग पर 3,435 मौतें और लापता होने की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें डूबने से 1,416 लोगों की मौत शामिल है। मंगलवार को नाम न बताने की शर्त पर एक यमन सरकार के अधिकारी ने सिन्हुआ से बात करते हुए पुष्टि की कि यह घटना कई दिन पहले हुई थी और कहा कि दर्जनों लोग मारे गए हैं। हालांकि उन्होंने हताहतों की कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में आईओएम ने 15 जनवरी को समझौता ज्ञापन (एमओयू) और डेटा साझाकरण प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के लिए इथियोपियाई सांख्यिकी सेवा (ईएसएस) और प्रवासन डेटा सृजन में शामिल 13 सरकारी संस्थानों की सराहना की। इथियोपियाई सांख्यिकी सेवा, इथियोपियाई आपदा जोखिम प्रबंधन आयोग, इथियोपियाई राष्ट्रीय आईडी कार्यक्रम, आव्रजन और नागरिकता सेवा, और रिफ्यूजी एंड रिटर्निंग सर्विस उन प्रमुख संस्थानों में से थे।



## ट्रंप सरकार का बड़ा फैसला, समानता और समावेशी स्टाफ को छुट्टी पर भेजा, नौकरी से निकालने की तैयारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण के बाद से ही लगातार बड़े फैसले ले रहे हैं। अब एक और बड़े फैसले के तहत ट्रंप ने विविधता, समानता और समावेशी विभाग के पूरे स्टाफ को छुट्टी पर भेजने का निर्देश दे दिया है। इतना ही नहीं इन लोगों को नौकरी से निकालने की तैयारी है। ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति काल के पहले दिन कई कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, इन्हीं में से एक अमेरिकी संघीय सरकार के डीईआई विभाग के कर्मचारियों को सवेतन छुट्टी पर भेजने का भी आदेश शामिल है।

**आदेश के बाद डीईआई के सारे वेबपेज बंद :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ऐसी योजना पर काम करें ताकि डीईआई विभाग के कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा सके। ट्रंप सरकार के इस कदम से भेदभाव रोधी प्रशिक्षण की फंडिंग और अल्पसंख्यक किसानों को फंडिंग प्रभावित होगी। ट्रंप के कार्यकारी आदेश के तुरंत बाद डीईआई विभाग के सारे वेबपेज बंद कर दिए गए हैं। साथ ही ये निर्देश दिया गया है कि अगर आदेश के बाद भी डीईआई संबंधी कोई कार्यक्रम जारी रहता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

**ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान ही इसे बंद करने का किया था वादा :** डीईआई के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को यह अधिकार मिलता है कि वे निजी कंपनियों की जांच कर सकते हैं। जिसमें कंपनियों की प्रशिक्षण व्यवस्था, नौकरी पर कर्मचारियों को रखने की प्रक्रिया की जांच की जाती है और यह पता लगाने की कोशिश की जाती है कि इसमें भेदभाव तो नहीं हो रहा है। हालांकि कई लोगों का मानना है कि इससे गैर अल्पसंख्यकों खासकर श्वेत लोगों के साथ भेदभाव होता है। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान ही डीईआई को बंद करने का वादा किया था।



**विविधता प्रशिक्षण और जवाबदेही कार्यालय क्या है :** ट्रंप का यह आदेश संघीय कर्मचारियों में विविधता और समावेशी प्रथाओं को शामिल करने के बाइडन सरकार की कोशिशों को समाप्त कर देगा। बाइडन सरकार में सभी संघीय एजेंसियों को विविधता योजना विकसित करने, वार्षिक प्रगति रिपोर्ट जारी करने और भर्ती और पदोन्नति में जनसांख्यिकीय रुझानों को ट्रैक करने का आदेश दिया था। प्रशासन ने डीईआई योजना के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए एक मुख्य विविधता अधिकारी परिषद भी स्थापित की। सरकार ने 2022 में अपनी पहली डीईआई प्रगति रिपोर्ट जारी की थी, जिसके अनुसार, अमेरिका के संघीय कर्मचारियों का जनसांख्यिकीय डेटा शामिल था, जिसमें कुल मिलाकर लगभग 60प्रतिशत श्वेत और 55प्रतिशत पुरुष है, और वरिष्ठ कार्यकारी स्तर पर 75प्रतिशत से अधिक श्वेत और 60प्रतिशत से अधिक पुरुष हैं।

**ट्रंप के सत्ता संभालते ही न्याय विभाग में बड़े फेरबदल :** डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालते ही अमेरिकी न्याय विभाग में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। ट्रंप ने पाम बॉन्डी को नया अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया है। बॉन्डी की नियुक्ति की पुष्टि होने से पहले ही न्याय विभाग के कई अधिकारियों के पद बदले गए हैं। जिन लोगों को पुराने पद से हटाकर नई नियुक्ति दी गई है, उनमें ब्रूस स्वार्ट्ज भी शामिल हैं, जो न्याय विभाग के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय के लंबे समय तक प्रमुख रहे। यह कार्यालय प्रत्यर्पण मामलों को संभालता है। कुल मिलाकर 20 से अधिक अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है।

# ट्रेन में करोड़ों का माल भूले लोग, अब ढूंढकर सामान पहुंचा रहा आरपीएफ

**- पिछले वर्ष आरपीएफ ने 6.6 करोड़ का सामान वापस किया**

**नई दिल्ली।**

ट्रेन में सफर के दौरान कई यात्री अपना सामान भूल जाते हैं। इसमें कई बार ऐसा सामान भी होता है तो जो कीमती होता है। यात्रियों को लगता है कि चलती ट्रेन में या स्टेशन में छूटा सामान वापस मिलने वाला नहीं है। इसलिए लोग कहीं पर संपर्क भी नहीं करते हैं लेकिन क्या आपको पता है कि ट्रेन या स्टेशन में खोया सामान भी वापस मिल सकता है। स्वयं आरपीएफ यात्रियों का खोया उन्हें ढूंढ़ ढूंढ़कर सामान लौटा रहा है। पिछले वर्ष आरपीएफ ने 6.6 करोड़ का सामान वापस किया है। कई बार यात्री ट्रेन चढ़ने या उतरने में हड़बड़ी करते हैं या फिर कई बार स्टेशन छोड़ने समय जल्दबाजी में कुछ सामान वहीं छूट जाता है। ट्रेन पर बैठने या उतरने के बाद जब वो लगेज चेक करते हैं तो पता चलता है कि फलां सामान छूट या है। इस तरह का सामान बरामद करने के लिए आरपीएफ ऑपरेशन 'अमानत' चलाता है। आरपीएफ खोए हुए सामान को वापस मालिक तक पहुंचाने के लिए ऑपरेशन अमानत चलाता है। इसके माध्यम से आरपीएफ ट्रेन या स्टेशन में यात्रियों के खोए हुए सामानों का पता लगाता है और सुनिश्चित करता है कि वे उनके असली मालिकों को वापस कर दिए जाएं। 2024 में, 6.67 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सामान लगभग 2200 असली मालिकों को लौटा दिए गए। इस तरह अगर आपका भी सामान ट्रेन या स्टेशन में छूट जाए तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। रेलवे के अनुसार अगर आपका कोई सामान ट्रेन या स्टेशन में छूट जाता है तो आपको आरपीएफ से संपर्क कर अपने सामान की जानकारी देनी चाहिए। आरपीएफ को ऑपरेशन अमानत के तहत अगर यह सामान कहीं से बरामद होता है तो वापस मिल सकता है। इसके लिए अब आपको जरूरी औपचारिकता करनी होगी।

# रोजगार के मोर्चे पर खुशखबरी: ईपीएफओ में बढ़ोतरी

**- ईपीएफओ से नवंबर में जुड़े 14.63 लाख मेंबर्स**

**नई दिल्ली।**

रोजगार के मोर्चे पर एक शानदार खुशखबरी आई है, जो आम लोगों के जीवन में नया उत्साह भर रही है। भारत के प्रमुख रिटायरमेंट फंड बॉडी, ईपीएफओ ने पिछले साल नवंबर में 14.63 लाख नए मेंबर्स को अपने नेटवर्क में शामिल किया है, जो एक साल में 4.88 फीसदी की वृद्धि है। श्रम मंत्रालय ने इस वृद्धि को स्वीकारते हुए बताया कि ईपीएफओ की प्रभावी पहुंच और सक्षम प्रयासों के बदलाव से यह मुमकिन हुआ है। मंत्रालय ने आंकड़ों पर ध्यान दिया कि 18-25 आयु वर्ग का अहम योगदान है। इस आयु वर्ग में भी 4.81 लाख नए मेंबर्स जुड़े हैं, जिससे समय के साथ छात्रों की भी दरमियानी से सरकारी नौकरियों की ओर दिशा बढ़ रही है। डेटा के अनुसार नवंबर 2024 में जुड़े नए मेंबर्स में से लगभग 2.40 लाख महिलाएं हैं, जो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक




महत्वपूर्ण साबित होता है। राज्यवार विश्लेषण से पता चलता है कि महाराष्ट्र जैसे राज्यों में इस वृद्धि का सबसे बड़ा योगदान है। इस सुधार से स्पष्ट है कि रोजगार के क्षेत्र में नए उत्थान की दिशा में वीरों एक नया पल आया है। ईपीएफओ की इस बढ़ती आपूर्ति के साथ, देश के अर्थव्यवस्था में भी नया जीवन फूंका जा रहा है।

# सरकार को बजट में संरचनात्मक सुधारों के लिए राजनीतिक पकड़ का उपयोग करना चाहिए: सुब्बाराव

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 3.0 सरकार को वृद्धि तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह बजट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं तथा धीमी पड़ती घरेलू वृद्धि के बीच आ रहा है। सुब्बाराव ने एक साक्षात्कार में कहा` कि यह राजग 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट है और इसे राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बजट का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाना तथा उच्च वृद्धि पथ पर लाना है। सुब्बाराव ने कहा, लेकिन केवल वृद्धि से काम नहीं चलेगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वृद्धि का लाभ व्यापक रूप से सभी तक पहुंचे यानी हमें असमानता कम करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के निचले तबके की आधी आबादी का विशाल उपभोग आधार देश की वृद्धि का सबसे बड़ा चालक है। सुब्बाराव ने कहा` कि निचले आधे हिस्से में उपभोग बढ़ाने का एकमात्र स्थायी तरीका



रोजगार सृजन है। यदि वे अधिक कमाएंगे, तो वे अधिक खर्च करेंगे, जिससे अधिक उत्पादन, अधिक रोजगार तथा उच्च वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

# ईवी में भरोसा बढ़ाने मारुति किराये पर देगी पेट्रोल कार

**टॉप 100 शहरों में हर 5 से 10 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की भी योजना**




**मुंबई।**

मारुति सुजूकी ने अपनी इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को बाजार में उतारने से पहले चार्जिंग व्यवस्था और सर्विस नेटवर्क का व्यापक विस्तार करने का ऐलान किया है। यह कार 500 किलोमीटर तक चलने का क्षमता होगी और 2,700 मिलीमीटर लंबे व्हीलबेस के साथ आएगी। इसके साथ ही कंपनी पुराने जमाने की सोच को तोड़कर ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए कई नई योजनाएं लेकर आ रही है। इसमें एक हाइब्रिड कार किराए पर देने का प्रस्ताव भी शामिल है, जो ईवी ग्राहकों को लंबी या बहुत दूरी तक की यात्रा के लिए विकल्प प्रदान करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि ईवी सिलसिले में ग्राहकों को जितनी सुविधाएं मिल सकती हैं, उतनी ही सरल और आसानी से मिलनी चाहिए। उन्होंने उज्जवल भविष्य की कल्पना करते हुए कहा कि हम ईवी को खरीदने वाले ग्राहकों को पहली कार के रूप में महसूस कराना चाहते हैं। इस निर्धारित राह को आगे बढ़ाते हुए मारुति सुजूकी ने विभिन्न शहरों में 1,000 सर्विस वर्कशॉप को ईवी कारों के लिए तैयार करने का भी ऐलान किया है। कंपनी ने टॉप 100 शहरों में हर 5 से 10 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना करने की भी योजना बनाई है। इन सब उपायों से मारुति सुजूकी का उद्देश्य है ग्राहकों को सुरक्षित और सुखद ईवी यात्रा का अनुभव करवाना, ताकि उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी होने की भावना में एक उत्कृष्ट माध्यम मिले।

कंपनी ने जो दिशा में कदम बढ़ाया है, यह स्पष्ट दर्शाता है कि भावनात्मक सहयोग और आधुनिक तकनीक का सही संयोजन हमें समृद्धि की ओर ले जा सकता है।

# नोएडा प्लांट में भी बनेंगे गैलेक्सी एस25 सीरिज के स्मार्टफोन: सैमसंग

**- सैमसंग की भारतीय बाजार में अपनी पकड़ जमाने की योजना**




**नई दिल्ली।**

साउथ कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज कंपनी सैमसंग ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस 25 सीरीज लॉन्च की है। अमेरिका के सैन जोस में आयोजित इवेंट में इस सीरीज की घोषणा की गई और इसमें गैलेक्स एस25 अल्ट्रा, एस25+ और एस25 मॉडल शामिल हैं। यह स्मार्टफोन भारत के नोएडा स्थित सैमसंग प्लांट में भी बनाया जाएगा। गैलेक्सी एस25 सीरीज की कीमत 800 डॉलर (करीब 66,000 रुपये) से शुरू होकर अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट में प्रस्तुत हो रही है। इस लॉन्च से सैमसंग ने भारतीय बाजार में अपनी पकड़ जमाने का मिशन तय किया है। सीरीज को विकसित करने में सैमसंग के बेंगलुरु स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर ने सहयोग किया है। इस सेंटर ने एआई क्षमताओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इसे साउथ कोरिया के बाहर कंपनी का सबसे बड़ा आरएंडडी सेंटर बना दिया है। सैमसंग की उम्मीद है कि इस नई सीरीज स्मार्टफोन बाजार में एक नया दौर खोलेगा और स्मार्टफोन कंपनियों के बीच मुकाबला औरत बढ़ाएगा। यह सीरीज फिचर्स में कस्टमाइज्ड स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफॉर्म फॉर गैलेक्सी को समेत लेकर आता है, जो एआइ फीचर्स के लिए बेहतर प्रोसेसिंग परफार्मेंस प्रदान करता है। इस सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सीरीज की ग्लॉबल लॉन्चिंग ने उम्मीदों को उच्च कीमत, तकनीकी नवाचार और शानदार डिज़ाइन की उम्मीद दी है। सैमसंग की गैलेक्सी एस25 सीरीज एक नया मील का पत्थर बन सकती है।

## मारुति ब्रेजा को प्रमोट करते दिखाई देंगे कार्तिक आर्यन

**मुंबई।** मारुति सुजुकी इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन को अपनी प्रमुख कॉम्पैक्ट एसयूवी, मारुति ब्रेजा का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। यह घोषणा भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के दौरान की गई। कार्तिक को ब्रेजा के साथ जोड़कर कंपनी ने युवाओं को आकर्षित करने और गाड़ी की डाइनैमिक इमेज को और मजबूत करने की रणनीति पर काम किया है। मारुति ब्रेजा को 2016 में लांच किया गया था, और यह तब से कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में एक प्रमुख खिलाड़ी बनी हुई है। अब तक इसकी 12 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। 2024 में 1,88,160 यूनिट्स की बिक्री के साथ ब्रेजा ने बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट एसयूवी का दर्जा हासिल किया। इसका मुकाबला टाटा नेक्सन, हुंडई वेन्यू और किआ सोनेट जैसी गाड़ियों से है। ब्रेजा 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ आती है, जो कि 101.64 बीएचपी पावर और 136.8 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। ब्रेजा में 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्प मौजूद हैं। इसके साथ मारुति की स्मार्ट-हाइब्रिड तकनीक भी है, जो माइलेज और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रदर्शन को बेहतर बनाती है।




## अमेजान ने सात गोदाम बंद करने का किया ऐलान, 1700 नौकरियां खतरे में

**मुंबई।** ऑनलाइन रिटेलर अमेजन ने कहा कि वह आने वाले दो महीने में कनाडा के क्यूबेक में अपने सभी सात गोदामों को बंद कर देगा। अमेजन का कहना है कि इस फैसले के बाद लंबे समय तक उनके कस्टमर्स की बचत होगी। हालांकि, कनाडाई संघ ने अमेजन पर आरोप लगाया है कि उसने क्षेत्र में अपनी कोशिशों को रोकने के कारण गोदामों को बंद करने का निर्णय लिया है। संघ ने यह भी कहा कि उन्होंने एक गोदाम को सफलतापूर्वक संघबद्ध किया है। अमेजन के अनुसार, इस फैसले से ग्रेटर मॉन्ट्रियल क्षेत्र में लगभग 1,700 लोगों की नौकरियां प्रभावित होंगी, जिनमें से 250 कर्मचारी अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं। अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि पैकेज को बांटने के लिए स्थानीय और तीसरे पक्ष की कंपनियों को नियुक्त करेगा। अमेजन की ओर से 2020 से पहले क्यूबेक में जिस बिजनेस मॉडल को फॉलो किया गया था, वो उसे फिर से इस्तेमाल करेगा। अमेजन एक प्रवक्ता के मुताबिक ये फैसला यूं ही नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि इस फैसले के बाद प्रभावित कर्मचारियों को एक पैकेज दिया जाएगा। इस पैकेज में सुविधाओं के बंद होने के बाद 14 हफ्ते तक का वेतन दिया जाएगा। साथ ही नौकरी प्लेसमेंट संसाधनों जैसे लाभ को भी इसमें शामिल किया गया है।

## स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर 33 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 90 रुपये से 33 प्रतिशत उछाल के साथ गुरुवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई तथा एनएसई पर शेयर की शुरुआत 120 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 33.33 प्रतिशत की बढ़त` दिखाता है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन बीएसई पर 999.42 करोड़ रुपये और एनएसई पर 999.50 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के ओ खिरी दिन पिछले सोमवार को 188.38 गुना अभिदान मिला था। रेफ्रिजरेंट्स आपूर्तिकर्ता स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का 199.45 करोड़ रुपये का आईपीओ 1.78 करोड़ नए शेयर और 43.02 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए 85-90 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था।

## वॉलमार्ट ने भारत की स्टार्टअप कंपनियों के साथ किया समझौता

**वाशिंगटन।** खुदरा क्षेत्र की अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी वॉलमार्ट ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए शुरुआती स्तर के रणनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह कंपनी ने पुणे स्थित केबीकोल्स साइंसेज, चेन्नई स्थित ग्रीनपॉड लैब्स और बेंगलुरु स्थित क्रॉपिन के साथ सहयोग करने का निश्चय किया है। वॉलमार्ट के उपाध्यक्ष ने इस उद्देश्य को बताते हुए कहा` कि प्रौद्योगिकी नवाचार ही है जो वैश्विक स्तर पर मजबूत आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने के लिए वास्तविक दुनिया के समाधानों को प्रेरित करती है। यह साझेदारी समर्थन करने वाली यह स्टार्टअप कंपनियाँ वॉलमार्ट की आपूर्ति श्रृंखलाओं में नवाचार लाने में मदद करेंगी और वॉलमार्ट को उनके समाधानों की प्रेरणा मिलेगी। यह साझेदारी भारतीय बाजार में नए उद्यमियों के लिए एक बड़ी संधि की ओर कदम बढ़ाती है।




## इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश, दो बैटरी विकल्पों में उतारा

**मुंबई।**

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में एथर एनर्जी ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश किया। स्कूटर में कई तकनीकी सुधार और फीचर अपग्रेड किए हैं, जो इस स्कूटर को पहले से ज्यादा आकर्षक और उपयोगी बनाते हैं। एक्सपो में पेश मॉडल इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एथर की मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए तैयार है। एथर 450 एक्स को दो बैटरी विकल्पों में उतारा गया है। 2.9 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 126 किलोमीटर की रेंज देता है, जबकि 3.7 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 161 किलोमीटर तक की रेंज देता है। इनकी कीमत क्रमशः 1.75 लाख और 1.85 लाख रखी गई है। स्कूटर में नया टच स्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम जोड़ा गया है, जिससे यूजर्स को बेहतर इंटरफेस का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए सिम पोर्ट और एक विशेष इमरजेंसी बटन दिया है। यह बटन तीन बार दबाने पर राइडर की लाइव लोकेशन पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजता है, जो सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी सुविधा है। प्रो पैक वेरिएंट में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, गूगल मैप्स इंटीग्रेशन, ऑटो-होल्ड और फाइंड माई स्कूटर जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूटर चार नए रंग विकल्पों—लूनर ग्रे, ट्रू रेड, हाइपर सैंड, और अन्य शेड्स में उपलब्ध होगा। डिजाइन में बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन सस्पेंशन ट्यूनिंग और एडवांस्ड राइडिंग मोड्स को बेहतर बनाया गया है। एथर 450 एक्स का यह नया संस्करण लंबी रेंज, प्रीमियम फीचर्स और सुरक्षा के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एक नई दिशा तय करने के लिए तैयार है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही ऑटो, आईटी, सीमेंट और कुछ हेल्थकेयर स्टॉक्स में तेजी से आया है। इससे पहले गत दिवस भी बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान घरेलू कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणाम कमजोर रहने की आशंका व डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ शुल्क बढ़ाने की योजना से बाजार की तेजी पर कुछ हद तक अंकुश भी लग गया।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज करोबार के अंत में 115.39 अंक करीब 0.15 फीसदी बढ़कर 76,520 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 50 अंक तकरीबन 0.22 फीसदी की बढ़त के साथ ही 23,205 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्रा सीमेंट्स 7 फीसदी उछलकर बंद हुआ। जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयरों में भी बढ़त रही।

वहीं पावर ग्रिड , कोटक बैंक, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, एलएन्डटी और टीसीएस के शेयरों में गिरावट रही। आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कमोडिटी शेयरों में जोरदार खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में उत्साह का माहौल रहा।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो टोक्यो और शंघाई के बाजारों में बढ़त रही जबकि हांगकांग और सियोल के बाजार नीचे आये।

यूरोपीय बाजारों में भी बढ़त रही। अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस तेजी के साथ बंदु हुए थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार




गिरावट में खुले हालांकि बाद में वापसी करते हुए शेयर बाजार हरे निशान में लौट गए।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 86.43 रुपये पर बंद हुआ। वहीं सुबह रुपया गुरुवार के कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.40 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की गिरावट के साथ 86.46 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 86.52 प्रति डॉलर पर आ गया। हालांकि, शेयर बाजार में तेजी आने से इसमें कुछ सुधार हुआ और यह बुधवार के बंद स्तर से पांच पैसे की गिरावट के साथ 86.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.35 पर बंद हुआ था।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो: 1,500 से अधिक कंपनियों ने लिया भाग, 200 से अधिक नए और मौजूदा उत्पादों का देखा

**एक्सपो में इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे**

**मुंबई।**

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का भव्य समापन हुआ। भारत मंडपम, यशोभूमि, और ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित प्रदर्शनी में 1,500 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। करीब 8 लाख दर्शकों ने वाहन, कलपुर्जा और प्रौद्योगिकी खंडों में प्रस्तुत किए गए 200 से अधिक नए और मौजूदा उत्पादों का देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जनवरी को केंद्रीय मंत्रियों और वाहन उद्योग के दिग्गजों की मौजूदगी में एक्सपो का उद्घाटन किया। इस बार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। मारुति सुजुकी इंडिया ने अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा लांच किया, जो भारत में निर्मित होकर 100 से अधिक देशों में निर्यात होगा। हुंदै मोटर इंडिया ने क्रेटा इलेक्ट्रिक पेश की, जबकि विनफास्ट (वियतनाम) और बीवाईडी (चीन) ने भी अपने ऑटोमोबाइल उत्पाद प्रदर्शित किए।

आयोजन ने परिवहन क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला—वाहन निर्माता, कलपुर्जा निर्माता, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, बैटरी निर्माता और सॉफ्टवेयर फर्मों को एक छत के



नीचे लाने का काम किया। इसका मुख्य उद्देश्य टिकाऊ परिवहन और प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देना था।

वाहन निर्माताओं के संगठन सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने बताया यह आयोजन टिकाऊ परिवहन पर उद्योग के फोकस को दिखाता है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि सभी पक्षों के सुझावों पर विचार किया जाएगा।



## ड्राई फ्रूट्स व्यापारियों की मांग, जीएसटी घटाकर 5 फीसदी किया जाए

**नई दिल्ली।** देश के ड्राई फ्रूट्स व्यापारियों की इकाई नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनडीएफसी) ने सरकार से कई महत्वपूर्ण अनुरोध किए। एनडीएफसी ने अखरोट के आयात शुल्क को प्रति किलोग्राम के आधार पर युक्तिसंगत बनाने, जीएसटी को घटाकर पांच प्रतिशत करने और इस क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू करने की मांग की है। काउंसिल के अनुसार भारत का मेवे का बाजार 18 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़ रहा है और यह 2029 तक 12 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

# अंडर-19 विश्व कपः भारत ने श्रीलंका को हराया, सुपर सिक्स में जगह पक्की

**कोलकाता (एजेंसी)।** कुआलालंपुर सलामी बल्लेबाज जी तृषा की 49 रन की पारी और तेज गेंदबाजों की नई गेंद से शानदार गेंदबाजी से भारत ने यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए आईसीसी अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप के सुपर सिक्स में प्रवेश किया।

बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में त्रिशा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जिससे भारत को नौ विकेट पर 118 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मिथिला विनोद (10 गेंद में 16 रन) और वीजे जोशीथा (नौ गेंद में 14 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाए। इसके बाद तेज गेंदबाज जोशीथा (17 रन पर दो विकेट) और शबनम शकील (नौ रन पर दो विकेट) ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटक कर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट परनौ रन कर दिया।

अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायककारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गई।श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ खत्म किया। श्रीलंका के लिए रश्मिका सेवांडी (12 गेंद में 15 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सकी।

वह अच्छी लय में दिख रही थी लेकिन जरूरी रन रेट को कम करने के लिए पारुणिका सिसोदिया (सात रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में मिथिला विनोद को कैच देकर आउट हो गई। आयुषी शुक्ला (13 रन पर एक विकेट) और मलेशिया के खिलाफ पांच रन पर पांच विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा (चार ओवर में तीन रन पर एक विकेट) ने भी श्रीलंका के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया।



# लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी, इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर हुए



**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी है और वह बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से हारकर बाहर हो गए।

भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य को निशिमोटो से 16-21 21-12 21-23 से पराजय मिली। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा। इस भारतीय जोड़ी को बढ़त बनाने के बावजूद मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मैच में खराब शुरूआत की और पहला गेम गंवा बैठे। उन्होंने दूसरा गेम जीत कर अच्छी वापसी की लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# भारत ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, अभिषेक शर्मा के धुआंधार 79 रन



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत ने बॉलिंग चुनी। इंग्लिश टीम 132 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने तेजी से बैटिंग की और 12.5 ओवर ही 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा ने 34 गेंद पर 79 रन बनाए। उन्होंने पारी में 8 छक्के और 5 चौके लगाए। उन्हें आदिल रशीद ने लॉन्ग ऑफ पर हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने जैमी ओवर्टन के खिलाफ 9वें ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने 20 गेंद पर अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। अभिषेक ने अपने टी-20 करियर की दूसरी फिफ्टी लगाई। वे एक सेंचुरी भी लगा चुके हैं। बॉलिंग में वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट लिए। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 68 रन बनाए, जोफ्रा आर्चर को 2 विकेट मिले। भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली, दूसरा मैच 25 जनवरी को चेन्नई में खेला जाएगा।

# रणजी ट्रॉफी में विफल रहे रोहित, यशस्वी और शुभमन

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी के अपने पहले ही मैच में विफल रहे हैं। इनका प्रदर्शन कितना खराब था, इसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि ये तीनों मिलकर 11 रन ही बना पाये। रोहित और यशस्वी जहां मुम्बई की ओर से खेल रहे हैं, वहीं शुभमन पंजाब के कप्तान हैं। हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम की खराब बल्लेबाजी के कारण क्रिकेट बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों के लिए रणजी में खेलना अनिवार्य कर दिया था। रोहित करीब एक दशक बाद आजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई मुम्बई की ओर से



रणजी मैच में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेलने उतरे। मुम्बई की । पारी की शुरुआत करते हुए यशस्वी तीसरे ही ओवर में आउट हो गए। वह तेज गेंदबाज औकिब नबी डार का शिकार बने। यशस्वी 8 गेंदों पर एक चौके की सहायता से केवल 4 रन बना पाये। वहीं कप्तान रोहित भी 19 गेंदों पर 3 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। रोहित का विकेट उमर नजीर मीर ने लिया। इसके अलावा पंजाब की ओर से कर्नाटक के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए शुभमन भी 8 गेंदों में केवल 4 रन ही ना पाये, ये रन उन्हें चौके से मिले थे। गेंदबाज अभिलाश शेट्टी ने उन्हें आउट किया। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज और उसके बाद चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। ऐसे में उनके इस कमजोर प्रदर्शन से टीम प्रबंधन की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। रोहित के अलावा शुभमन और यशस्वी के भी असफल होने से भारतीय टीम की बल्लेबाजी की पोल खुल गयी है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार हैं सभी खिलाड़ी : हार्दिक पंड्या

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर उत्साहित हैं। हार्दिक ने अन्य क्रिकेटरों मोहम्मद नबी, फिल साल्ट, शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी के साथ टूर्नामेंट के एक प्रमोशनल एड में कहा कि खिलाड़ी इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने तैयार हैं। हार्दिक ने कहा कि भारतीय टीम इस टर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने उतरेगी। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले माह पाकिस्तान में किया जाएगा हालांकि भारतयी टीम अपने मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के तहत ही दुबई में खेलेगी। भारतीय टीम ने साल 2013 में इंग्लैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट को जीता था जबकि 2002 में वह मेजबान श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रही थी। हार्दिक ने कहा कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की वापसी से क्रिकेट को काफी बढ़ावा मिलेगा। यह एकदिवसीय प्रारूप को और प्रासंगिक बनाता है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से प्रशंसकों और खिलाड़ियों में खेल को लेकर उत्साह आता है। उन्होंने आईसीसी के एक वीडियो में कहा कि इसमें भारतीय टीम क्रिकेट के अपने विशिष्ट कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही अपने प्रदर्शन से हर खिलाड़ी ट्रॉफी को फिर से घर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस टूर्नामेंट का शुरुआती मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 19 फरवरी को कराची में होगा। वहीं भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। यह वीडियो चैम्पियंस ट्रॉफी और 'सफेद जैकेट हासिल करने के लिए सब कुछ दांव पर लगाने वाले खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों को दिखाता है।



# ऑटोग्राफ लेने वाला नहीं, ऑटोग्राफ देने वाला बनने की कोशिश करो : कपिल देव की स्कूली बच्चों को सलाह

गुरुग्राम । भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने बृहस्पतिवार को यहां एक निजी स्कूल में बच्चों के साथ बातचीत में उन्हें ऑटोग्राफ (हस्ताक्षर) मांगने वाले बनने से बचने और ऑटोग्राफ देने वाले बनने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान ने इस दौरान छात्रों के साथ मैदान पर समय भी बिताया।



उन्होंने बल्लेबाजी में हाथ आजमाते हुए अपने अंदाज में स्क्वायर कट भी लगाए। इस 66 साल के पूर्व दिग्गज ने छात्रों को दिए अपने संदेश में कहा, 'छात्रों के व्यक्तित्व के विकास के लिए खेल एक जरूरी साधन है लेकिन उसे पढ़ाई की कीमत पर तवज्जो नहीं मिलनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'आपको कभी मेरा ऑटोग्राफ नहीं मांगना चाहिए बल्कि खुद को इतना अच्छा बनाना चाहिए कि एक दिन आप खुद उस पर हस्ताक्षर कर सकें।' कपिल की इस बात पर छात्रों ने खूब तालियां बजाई। कपिल ने पत्रकारों को बताया कि वह उत्साही छात्रों से आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित और खुश हूं कि मैं छोटे बच्चों और उभरते खिलाड़ियों के साथ अच्छा समय बिता सका। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं स्कूल प्राधिकरण को धन्यवाद देता हूं।'

# रणजी ट्रॉफी : जडेजा ने दिल्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए



नई दिल्ली । आज से यहां शुरु हुए रणजी ट्रॉफी सत्र में सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए दित्ली के खिलाफ पांच विकेट लिए। जडेजा की बेहतरीन गेंदबाजी से ही सौराष्ट्र ने दिल्ली को पहली पारी में 188 रन पर समेट दिया। दिल्ली की ओर से कप्तान आयुष बदोनी ने अर्धशतक लगाया। वहीं सौराष्ट्र की ओर से जडेजा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 35वीं बार 5 विकेट ।जडेजा ने 17.4 ओवर में 66 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने सनत सांगवान, यश ढुल, आयुष बदोनी, हर्ष त्यागी और नवदीप सैनी के विकेट लिए। इस मैच में दिल्ली की टीम पहले बल्लेबाज करने मैदान पर उतरी। दिल्ली की ओर से कप्तान ऋषभ पंत भी रन बनाने में असफल रहे। ऋषभ 10 गेंद में एक ही रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। पहले दिन के खेल में जडेजा की गेंदबाजी के सामने दिल्ली के बल्लेबाज विफल रहे। पांच विकेटों के साथ ही जडेजा के अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 547 विकेट हो गए हैं। उनके अब 547 विकेट हो गये हैं और वह 550 के विकेट से केवल तीन विकेट दूर हैं। जडेजा ने अंतिम बार रणजी ट्रॉफी मुकाबला 2023 में तमिलनाडु के खिलाफ खेला था।

# टाटा स्टील चेसः भारत के नंबर-1 शतरंज खिलाड़ी बने डी गुकेश, वर्ल्ड रैंकिंग में भी हुआ इजाफा

**मुंबई (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश का टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। उन्होंने पांचवें राउंड के मुकाबले में बुधवार को विजक आन जी को मात दी। इस जीत से गुकेश को डबल फायदा हुआ। इस दौरान वह न सिर्फ भारत के नंबर वन खिलाड़ी बने बल्कि उन्होंने वर्ल्ड रैंकिंग में भी चौथा स्थान हासिल किया। गुकेश वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद पहली बार कोई टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

गुकेश ने पांचवें राउंड के मैच जर्मनी के विंसेंट केमार को मात दी जो कि कुछ महीने पहले तक उनकी ही टीम का हिस्सा थे। सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश का सामना चीन के डिंग लिरेन था। इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए गुकेश ने जो टीम तैयारी की थी उसमें विंसेंट भी शामिल थे। उन्होंने गुकेश को वर्ल्ड चैंपियन बनाने में






काफी मदद की।

गुकेश ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोशिश की थी कि वह लिरेन के खिलाफ मैचों को लंबा खींचे। वह चाहते थे कि लिरेन थक जाएं। विंसेंट ने भी बुधवार को गुकेश के खिलाफ यही प्रयोग अपनाया। उन्होंने कोशिश की और मैच को लंबा खींचा। वह शुरू से ही मजबूत पॉजिशन में नहीं ते लेकिन वह मैच को खींचकर 72वें मूव तक ले गाए। दोनों की बीच 6 घंटे लंबा मैच चला।

गुकेश को विंसेंट के बाद अपने एक और साथी का सामना करना है। पेंटाला हरिकृष्णा भी गुकेश की वर्ल्ड चैंपियनशिप टीम का हिस्सा थे। गुकेश सातवें राउंड में उनका सामना करने उतरेंगे। गुकेश के लिए हालांकि, ये कोई मुश्किल की स्थिति नहीं है। वह अपने विपक्षी को लेकर एक खिलाड़ी के तौर पर देखते हैं। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले कहा था कि विंसेंट और हरिकृष्णा का सामना करना उनके लिए खास होगा। गुकेश ने कहा कि, एक बार जब मैं बोर्ड पर पहुंच जाता हूं तो आमतौर पर मुझे प्रतिद्वंद्वी की परवाह नहीं होती, चाहे वह एक अच्छा दोस्त हो या कोई और। ये हमेशा की तरह व्यवसाय होगा। पिछले साल के दौरान हमारे बीच एक मजबूत रिश्ता बना। मुझे खुशी है कि वे इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं।

# दिव्यांग क्रिकेटर से मिले बटलर , बल्ले पर ऑटोग्राफ दिया



कोलकाता । इंग्लैंड की टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर को लेकर एक विडियो सोशल मीडिया पर आया है। इसमें बटलर भारतीय क्रिकेट टीम से हुए टी20 मुकाबले से पहले एक दिव्यांग प्रशंसक से मिलते और उसके ऑटोग्राफ देते नजर आ रहे हैं। बटलर ने व्हीलचेयर पर रहने वाले इस प्रशंसक और दिव्यांग क्रिकेटर धर्मवीर पाल से बात कर उसके बल्ले पर हस्ताक्षर किए। इसके लिए लोगों ने इंग्लैंड के कप्तान की जमकर प्रशंसा की है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिखता है कि बटलर धर्मवीर के पा जाकर उससे बात करते देखते हैं। वीडियो की शुरूआत बटलर के रूम में जाने से पहले धर्मवीर की ओर मुड़ने से होती है। बटलर ने उनसे बात कर ऑटोग्राफ दिया। इससे धर्मवीर की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। धर्मवीर ने अपनी हिम्मत और पदर्शन के आधार पर दिव्यांग के तौर पर भारतीय टीम में जगह बनाकर अपनी पहचान बनायी है।

# भारत में स्पिन खेलना बड़ी चुनौती, इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा : हार के बाद बोले बटलर

**कोलकाता(एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के खिलाफ सात विकेट से मिली करारी हार के बाद कहा कि भारतीय परिस्थितियों में स्पिनरों को खेलना चुनौती बनी रहेगी और उनके बल्लेबाजों को पांच मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा।

इंग्लैंड की टीम बुधवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन तिकड़ी के सामने 132 रन आउट हो गई। भारत ने केवल 12.5 ओवर में लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई। बटलर ने यहां ईडन गार्डन्स में मैच के बाद कहा, 'हम उस तरह का खेल नहीं खेल पाए जैसा कि खेलना चाहते थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की।'

उन्होंने कहा, 'हमारे कुछ बल्लेबाज पहली बार उनके कुछ गेंदबाजों का सामना कर रहे थे। उनके प्रदर्शन पर गौर करना अच्छा होगा। हर कोई अच्छा खेलना चाहता है और उन पर दबाव बनाना चाहता है। हम बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं जिसका हम बचाव कर सकें।'

इंग्लैंड के कप्तान ने स्वीकार किया कि स्पिन भारत में लगातार चुनौती बनी रहेगी और उन्होंने अपनी टीम से इससे निपटने के लिए व्यक्तिगत रणनीति तैयार करने का अनुरोध किया। बटलर ने कहा, 'हमारे पास वास्तव में अच्छे खिलाड़ी हैं और हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ उन्हें स्पिन का काफी सामना करना पड़ेगा। हमारा मानना है कि हमें प्रत्येक मैच में कम से कम तीन स्पिनर का सामना करना पड़ेगा। हमें उन पर दबाव बनाने के लिए अपनी व्यक्तिगत रणनीति के साथ खेलना होगा।'

हार के बावजूद बटलर ने कहा कि इंग्लैंड क्रिकेट के अपने आक्रामक ब्रांड से नहीं हटेगा जो 2015 से उनकी पहचान रही है। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट में हम हमेशा आक्रामक खेल खेलने का प्रयास करते हैं। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि



2015 के बाद से हमारा सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेलने का यही तरीका रहा है और हम वास्तव में कभी इससे पीछे नहीं हटे हैं।'

# चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट : वाटसन

सिडनी । पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। । एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं , इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है। इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है। भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्मू में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा। दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे। कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं। । वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है।



# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान सुरक्षा के इंतजाम, 15000 जवानों की होगी तैनाती, सड़कों पर होगी आर्मी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले महीने 19 फरवरी से पाकिस्तान में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होना है। सुरक्षा के कारण टीम इंडिया इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलेगी। जबकि अन्य 7 टीमें अपने सभी मैच पाकिस्तान में ही खेलेगी। वहीं अब इस टूर्नामेंट में सुरक्षा तैयारियों को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान इस टूर्नामेंट की तैयारियां पूरी ना होने के कारण आलोचनाओं में घिरा रहा है। ऐसी कई तस्वीरें और वीडियो सामने आती रही हैं जिनमें कराची, लाहौर और रावलपिंडी के मैदानों में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था तक दुरुस्त नहीं हुई है। वहीं अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार कहा जा रहा है कि, पाकिस्तान इस टूर्नामें के लिए सुरक्षा के लिए 15 हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने वाला है। एक पाकिस्तानी चैनल के मुताबिक पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने लाहौर और रावलपिंडी मैदानों की सुरक्षा के लिए 12,564 पुलिस कर्मियों की तैनाती का प्लान बनाया है। लाहौर में कुल 7,618 और रावलपिंडी में 4,535 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा स्पेशल ब्रांच के 411 अधिकारी सारे सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालेंगे। सुरक्षा व्यवस्था केवल मैदानी इलाकों के लिए नहीं बल्कि आसमान में भी आर्मी सुरक्षा व्यवस्था का खास ख्याल रखेगी। पुलिस कर्मी होटल से लेकर मैदान के रास्तों पर कैमरा फिट कर रही है। हर तरह से खिलाड़ियों की सुरक्षा का इंतजाम किया जा रहा है।

बता दें कि, पाकिस्तान 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने जा रहा है। साल 2009 में श्रीलंकाई टीम पर हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर सुरक्षा कारणों से लगातार सवाल उठते रहे हैं। लाहौर और रावलपिंडी के लिए सुरक्षा कर्मियों की संख्या सामने आ चुकी है लेकिन कराची को लेकर अभी तक अपडेट सामने नहीं आया है। बता दें कि, इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं आएगी। बीसीसीआई ने हाइब्रिड मॉडल की मांग





की थी, जिसके तहत टीम इंडिया के सारे मैच दुबई में खेले जाएंगे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# आराध्या की परवरिश को लेकर बोले अभिषेक बच्चन

बेटी की परवरिश और अपने निजी जीवन को लेकर अभिषेक बच्चन ने बात की है। उन्होंने कहा कि माता पिता हमेशा सबसे अच्छे शिक्षक हों जरूरी नहीं है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पैरेंटिंग को लेकर अपना दृष्टिकोण पर विचार साझा किया। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी की बदलती मानसिकता पर भी अपने विचार बताए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि माता-पिता सबसे अच्छे शिक्षक हैं या नहीं। मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मुझे लगता है कि हमारी भावनाएं आड़े आती हैं। हमारे बच्चों की यह इच्छा कि वे सब कुछ सही करें और सफल हों और खुद को चोट न पहुंचाएं ऐसा नहीं हो सकता। हम अपने बच्चों के लिए जो सोचते हैं, उससे उन्हें भी नुकसान पहुंच सकता है।

### माता-पिता से सीख मिली

अभिषेक बच्चन ने कहा कि मैंने अपने माता-पिता से जो कुछ भी सीखा उसे समझा। वह उनके व्यवहार को देखकर है, जरूरी नहीं कि उन्होंने मुझे जो बताया है, उससे ही सीखा है।卐 अभिषेक बच्चन ने कहा कि मेरे माता पिता ने हमेशा मुझे अपने फैसले खुद लेने की स्वतंत्रता दी। मैं खुद ये सोचता हूं, कि अगर परिस्थिति में मेरे पापा होते तो क्या करते। उसी हिसाब से मैं भी चीजें करता हूं।

### परवरिश के लेकर बोले अभिषेक

आराध्या की परवरिश को लेकर अभिषेक ने कहा, मुझे लगता है कि आज की जनरेशन वाकई बहुत अलग है। उन्हें किसी भी तरह की पहले से चली आ रही चीजों को जरूरी समझने की जरूरत नहीं है, जैसे हम करते आ रहे हैं। उन्हें लगता है कि वे ये काम बस इसलिए नहीं कर सकते कि उनके माता पिता ने ये काम नहीं किया या मना किया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि अगर माता पिता हैं, या कोई उम्र में बड़ा है तो जरूरी नहीं कि वह सही सलाह दे या हर बात का सही जवाब ही दें।

### इस फिल्म में नजर आए अभिषेक बच्चन

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन को हाल ही में आई फिल्म आई वांट टू टॉक में देखा गया। हालांकि, यह फिल्म फैंस पर अपना कुछ खास जादू नहीं चला सकी थी। आई वांट टू टॉक अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। इसकी घोषणा खुद सुजीत सरकार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की।



# फिल्म धूम धाम में प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं यामी गौतम

**प्यार, हंसी और शादी की रस्मों से सजी फिल्म धूम धाम ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में यामी गौतम प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है। फिल्म का प्रोडक्शन आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है। फिल्म 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली है।**



### ऐसी है फिल्म की कहानी

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की जोड़ी को फिल्म में देखा जाने वाला है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है। फिल्म का टीजर आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ है। इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है। फिल्म को लेकर आदित्य धर ने कहा कि वह कुछ अलग और मनोरंजक बनाना चाहते थे। जहां हंसी, एक्शन और रोमांस शामिल हो। फिल्म में फैंस को यामी और प्रतीक की जोड़ी देखने को मिलने वाली है।

### इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। ओरिजन फिल्म की निर्देशक रुचिका कपूर शेख ने कहा, धूम धाम एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो शादी के दिन कुछ अलग सी ही चीजें लेकर आता है। इस फिल्म के जरिए हम अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकेंगे।



# बॉलीवुड में करियर बनाना चाहते हैं यशवर्धन

बॉलीवुड स्टार किड्स का फिल्मों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने फिल्म आजाद के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में राशा का डांस और अभिनय प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। वहीं अब गोविंदा के बेटे यशवर्धन भी बॉलीवुड फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।

गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बाबिल एक फिल्म में साथ काम सकते हैं। कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं।

### पिता के नक्शेकदम पर यशवर्धन

दरअसल, कथित तौर पर फिल्म निर्माता अपनी रोमांटिक फिल्म के लिए नए चेहरा चाहते हैं, जिसके चलते बाबिल खान और यशवर्धन आहूजा को कास्ट करने की योजना बनाई जा रही है। अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स के सहयोग से मधु मंटेना द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन साई राजेश करेंगे, जो कलर फोटो, हृदय कलेयम और बेबी जैसी बेहतरीन तमिल फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।

# धूम 4 की स्टार कास्ट फाइनल? अभिषेक बच्चन को विक्की कौशल ने किया रिप्लेस

बॉलीवुड की एक्शन ड्रामा फिल्म धूम 4 को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि इस फिल्म में नई स्टार कास्ट को फाइल कर लिया है। अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के रोल में कथित तौर पर इस बार बॉलीवुड के ये स्टार्स नजर आएंगे। धूम 4 में विक्की कौशल इस फैंचाइजी में शामिल हो सकते हैं और अभिषेक की जगह ले सकते हैं। धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य खलनायक की भूमिका में होंगे। हालांकि जूनियर बच्चन की जगह कोई और ले सकता है, लेकिन उदय चोपड़ा की जगह कौन ले सकता है? मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल ने वाईआरएफ के प्रमुख आदित्य चोपड़ा से मुलाकात की, जिन्होंने अभिनेता को दो प्रोजेक्ट्स में कास्ट करने के लिए कहा है, जिनमें से एक धूम 4 है। विक्की को अभिषेक बच्चन (एसीपी जय दीक्षित) की पुलिस वाले की भूमिका मिलेगी। धूम 4 के अलावा, विक्की को आलिया भट्ट की अल्फा में भी देखा जा सकता है। बहरहाल, अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# हॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों के बराबर हैं बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश अदाकारा मौनी रॉय

मौनी रॉय को भारत की सबसे स्टाइलिश स्टार्स में से एक के रूप में तेज़ी से उभरना सरप्राइज से कम नहीं है। प्रेस इवेंट में चमकदार उपस्थिति से लेकर लंदन फैशन वीक में धूम मचाने और यहां तक कि इबीसा में आकर्षक हॉलिडे लुक पेश करने तक, मौनी की फैशन यात्रा ग्लोबल ट्रेंड और व्यक्तिगत आकर्षण का एक बेहतरीन मिश्रण दर्शाती है। जो चीज़ उन्हें अपने कई समकालीनों से अलग करती है, वह अपने विशिष्ट, फैशन-फ़ॉरवर्ड सौंदर्य के प्रति सच्चे रहते हुए सहजता से हॉलीवुड-स्तर के ग्लैमर को प्रसारित करने की उनकी क्षमता है। चाहे वह बोल्ड मोनोक्रोम सूट, रॉकिंग स्ट्रक्चर्ड कॉउचर गाउन, या जीवंत वेकेशन वियर को अपनाना हो, मौनी की पोशाक पसंद हमेशा सही केंद्र पर होती है। विस्तार पर उनकी पैनी नज़र, त्रुटिहीन एक्सेसरीज़ का चयन, और क्या काम करता है इसकी सहज समझ उन्हें हर जगह महिलाओं के लिए स्टाइल प्रेरणा बनाती है।


**सहज फैशन** – मौनी रॉय की फैशन पसंद सोफेस्टिकेशन, टाइमलेस और कॉन्टेंप्रोरी स्वभाव के बीच एक आदर्श संतुलन दर्शाती है। चाहे वह रेड कार्पेट इवेंट हो या इबीसा में छुट्टी पर एक आकस्मिक दिन, उनका लुक शानदार, ठाठदार और हमेशा अंतरराष्ट्रीय रुझानों के साथ तालमेल में होता है, जो उन्हें अपने साथियों के बीच अलग बनाता है।

**हॉलीवुड आइकॉन के बराबर रेड कार्पेट ग्लैमर** – कान्स के ग्लैमर को उजागर करने वाले शानदार गाउन से लेकर हॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ संरचित एलबीडी तक, मौनी की रेड कार्पेट उपस्थिति अनुग्रह और शिष्टता में एक मास्टरक्लास होते है। वह सुनिश्चित करती हैं कि उनका लुक विश्व स्तर पर प्रासंगिक और इंस्टाग्राम-योग्य हो।

**रुझानों के प्रति एक साहसी दृष्टिकोण** – हॉलीवुड के ट्रेंडसेटरों की तरह, मौनी प्रेस मीट, मूवी स्क्रीनिंग और डेट नाइट्स में फैशन-फ़ॉरवर्ड शैलियों के साथ प्रयोग करने में निडर हैं। उन्होंने विविध सौंदर्यशास्त्र को अपनाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए, बोल्ड मोनोक्रोमैटिक पावर सूट से लेकर अलौकिक लहंगे तक सब कुछ सफलतापूर्वक किया है।

**बेदाग स्टाइल और बारीकियों पर ध्यान** – मौनी अपने लुक को सटीकता के साथ तैयार करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर चीज़-बाल और मेकअप से लेकर पोशाक समन्वय तक – सहजता से फिट बैठता है और एक कहानी कहता है। विस्तार पर उनका बहुत ध्यान और उच्च गुणवत्ता वाली टेलरिंग के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें हॉलीवुड के अभिजात वर्ग की तुलना में एक शानदार बढ़त देती है।





# साउथ फिल्म कन्नप्पा में महादेव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय कुमार

साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे।

कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं। अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय।

मोहन बाबू निर्मित कन्नप्पा में लीड रोल में विष्णु मांचू निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# दलपति 69 के बाद एक और फिल्म करेंगे विजय? आधिकारिक घोषणा का इंतजार

दलपति विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दलपति 69 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, पहले यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म को पूरी करने के बाद वह फिल्मों से संन्यास ले लेंगे, लेकिन अब जानकारी के अनुसार दलपति 70 भी आ सकती है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुक्ता को और अधिक बढ़ा दिया है।

विजय की अगली फिल्म का नाम दलपति 70 हो सकता है?

कथित तौर पर पिछले साल विजय ने अपने प्रशंसकों से कहा था कि दलपति69 के सिनेमाघरों में आने के बाद वह फिल्में छोड़ देंगे और सक्रिय राजनीति में अधिक समय बिताएंगे। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दलपति 69 के बाद दलपति70 में भी नजर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह विजय के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। पिछले कुछ दिनों से, अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय अपनी 70वीं फिल्म में अभिनय करने पर विचार कर रहे हैं। जाहिर है, अभिनेता ने अपने द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम निर्देशक वेंकट प्रभु से अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए स्क्रिप्ट लिखने के लिए कहा है। तमिल प्रोडक्शन हाउस 7 स्क्रीन स्टूडियो, जिसने विजय की मास्टर और लियो को बनाया था, दलपति 70 को बनाएगा। कहने की जरूरत नहीं है कि विजय के प्रशंसक चल रही चर्चा से बहुत खुश हैं, और वे इस आगामी परियोजना के बारे में आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

